जयपुर, जोधपुर एवं अजमेर से प्रकाशित राज्य स्तरीय दैनिक

डाक पंजियन संख्या: JPCITY/004/2023-2025

# हुक्मनामा समाचार

जयपुर सोमवार, 11 अगस्त , 2025 :: मूल्य 2 रु. :: पृष्ठ संख्या 8 :: आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2003/11926 :: वर्ष 22 :: अंक 308

www.hukmnamasamachar.com

## संक्षिप्त खबरें

### आर्मी चीफ बोले- अगला युद्ध जल्द हो सकता है

**चेन्नई।** भारत के थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पाकिस्तान से जल्द ही दोबारा युद्ध होने की आशंका जताई है। उन्होंने कहा-अगला युद्ध जल्द हो सकता है। हमें उसी के मुताबिक तैयारी करनी होगी और इस बार हमें यह लड़ाई मिलकर लड़नी होगी। इसके अलावा ऑपरेशन सिंदूर को लेकर जनरल द्विवेदी ने कहा-ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सरकार ने हमें फ्री हैंड दिया था। ऑपरेशन में हम चेस खेल रहे थे। हमें नहीं पता था दुश्मन की अगली चाल क्या होगी और हम क्या करने वाले हैं। ऐसे ही पाक को भी हमारी चाल का नहीं पता था। जनरल द्विवेदी ने कहा कि इसे ग्रे जोन कहा जाता है। इसका मतलब है कि हम पारंपरिक ऑपरेशन नहीं कर रहे हैं। थल सेनाध्यक्ष ने 4 अगस्त को आईआईटी मद्रास में अग्निशोध- इंडियन आर्मी रिसर्च सेल के उद्घाटन के दौरान यह बात कही थी। इसका वीडियो आज सामने आया।

### केंद्रीय मंत्री गोपी के खिलाफ केरल में शिकायत दर्ज

**तिरुवनंतपुरम।** केरल छात्र संघ ने रविवार को त्रिशूर ईस्ट पुलिस में केंद्रीय मंत्री और त्रिशूर से सांसद सुरेश गोपी के संसदीय क्षेत्र से गायब होने की शिकायत दर्ज कराई है। केएसयू जिला अध्यक्ष गोकुल गुरुवायूर के मुताबिक, छत्तीसगढ़ में दो केरल ननों की गिरफ्तारी के बाद से सुरेश गोपी क्षेत्र में नजर नहीं आए। गोकुल ने कहा,पिछले दो महीने से गोपी किसी भी स्थानीय कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए। यहां तक कि त्रिशूर के मेयर और राज्य सरकार में राजस्व मंत्री के. राजन भी उनसे संपर्क नहीं कर पाए। केएसयू ने मंत्री के खिलाफ अभियान चलाने की चेतावनी दी है और उनकी अनुपस्थिति की जांच की मांग की है। संगठन का कहना है कि मंत्री ने ननों की गिरफ्तारी, वोटर लिस्ट में गड़बड़ी जैसे मुद्दों पर भी चुप्पी साधी हुई है।

### राजनाथ बोले- आतंकियों ने पहलगाम में धर्म पूछकर मारा था, मने उन्हें कर्म देखकर मारा



**रायसेन।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा- मध्यप्रदेश में रक्षा क्षेत्र का केंद्र बनने के लिए हर गुण है। सभी संसाधन हैं। रायसेन में रेल कोच का निर्माण तो होगा ही, रेलवे के अलग-अलग प्रोडक्ट्स भी बनाए जाएंगे। देशभर की स्पीड ट्रेनों में एमपी में बनने वाले रेलवे कोच लगेंगे। मध्यप्रदेश का औद्योगिक विकास देश को भी विकास की नई ऊंचाई पर लेकर जाएगा। उन्होंने कहा- आज रायसेन के उमरिया में 1800 करोड़ की लागत से ग्रीनफील्ड रेल कोच फैक्ट्री का भूमिपूजन हुआ है। इससे 5 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। रक्षा क्षेत्र के माध्यम से मध्यप्रदेश में जो भी हो सकेगा, मैं सदैव तैयार रहूंगा। कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित करते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा- एमपी में कोच फैक्ट्री बनने से रेलवे का ईको सिस्टम आगे बढ़ेगा। हम चाहते हैं कि केवल भारत का ही कल्याण न हो, बल्कि संपूर्ण विश्व का कल्याण होना चाहिए। इसका मतलब यह नहीं है कि कोई भी हम पर हमला कर दे।

## पीएम ने बेंगलुरु मेट्रो की यलो लाइन का उद्घाटन किया

# ऑपरेशन सिंदूर ने पूरी दुनिया को कराए नए भारत के स्वरूप के दर्शन-पीएम मोदी



**बेंगलुरु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा है कि इससे पूरी दुनिया ने नए भारत के इस स्वरूप के दर्शन किए। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार बेंगलुरु पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने मेट्रो की येलो लाइन का उद्घाटन किया और तीसरे चरण की आधारशिला भी रखी। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता उन्नत तकनीक और %मेक इन इंडिया% पहल की ताकत पर आधारित थी, जिसमें बेंगलुरु और कर्नाटक के युवाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा,ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के पीछे बहुत बड़ी वजह हमारी टेक्नोलॉजी और डिफेंस में मेक इन इंडिया की ताकत है। इसमें बेंगलुरु और कर्नाटक के युवाओं का बहुत बड़ा योगदान है। मैं इसके लिए सभी का अभिनंदन करता हूं। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेनाओं की सफलता, सीमापार कई किलोमीटर भीतर आतंकी



ठिकानों को नेस्तनाबूद करने की ताकत और आतंकवादियों के बचाव में उतरे पाकिस्तान को कुछ ही घंटों में घुटनों पर लाने की हमारी क्षमता को दुनिया ने देखा है।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि बेंगलुरु को हम एक ऐसे शहर के रूप में उभरता देख रहे हैं जो न्यू इंडिया के राइज का सिंबल बन चुका है।

### मोदी का ट्रम्प को डेड इकोनॉमी कहने पर जवाब

## भारत तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर

**देश उपलब्धियों का परचम लहरा रहा**

**बेंगलुरु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को उनका नाम लिए बिना जवाब दिया। मोदी ने बेंगलुरु में कहा- भारत दुनिया की तेजी से बढ़ती इकोनॉमी है। हम 10 वें नंबर से टॉप 5 में आ गए हैं। जल्द ही टॉप 3 में आएंगे। ये ताकत



रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म से मिली है। देश की उपलब्धियों का परचम आसमान में लहरा रहा है। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति ने 31 जुलाई को भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाते हुए भारत और रूस को डेड इकोनॉमी बताया था। ट्रम्प ने कहा था- भारत और रूस अपनी अर्थव्यवस्था को साथ ले डूबें, मुझे क्या। इसके अलावा ऑपरेशन सिंदूर को लेकर पीएम मोदी ने कहा- भारतीय सैनिकों की आतंकियों और पाकिस्तान को घुटने में लाने की क्षमता को पूरी दुनिया ने देखा है। इसकी सफलता के पीछे हमारी टेक्नॉलॉजी और मेक इन इंडिया की ताकत है। इसमें बेंगलुरु के युवाओं का भी बहुत योगदान है।

**पीएम ने 3 वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई** पीएम आज कर्नाटक के दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने बेंगलुरु के केएसआर रेलवे स्टेशन पर 3 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। इनमें बेंगलुरु से बेलगावी, अमृतसर से श्री माता वैष्णो देवी कटरा और नागपुर (अजनी) से पुणे तक की ट्रेनें शामिल हैं।

एक ऐसा शहर, जिसकी आत्मा में तत्व ज्ञान है और जिसके एक्शन में टेक ज्ञान है। एक ऐसा शहर, जिसने ग्लोबल आईटी मैप पर भारत का परचम लहराया है। उन्होंने बेंगलुरु की सक्सेस स्टोरी के लिए शहरवासियों की मेहनत और उनके टैलेंट को श्रेय दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी में अर्बन प्लानिंग और अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर हमारे शहरों की जरूरत है। बेंगलुरु जैसे शहरों को हमें भविष्य के लिए तैयार करना है।

भारत सरकार की तरफ से शहर में हजारों करोड़ रुपए की परियोजनाएं पिछले समय में शुरू की गई। अब अभियान को एक नई गति मिल रही है और मेट्रो की येलो लाइन का उद्घाटन हुआ है। मेट्रो के तीसरे चरण की आधारशिला रखी गई है।

### एमपी में अगस्त की शुरुआत में बारिश नहीं

## दिल्ली में यमुना खतरे के निशान के करीब



**नई दिल्ली।** दिल्ली में तेज बारिश के कारण 300 से ज्यादा फ्लाइट्स लेट हुईं। जैतपुर इलाके में मोहन बाबा मंदिर के पास एक 100 फुट लंबी दीवार गिरी, मलबे से 8 लोगों दब गए थे। इलाज के दौरान 7 की मौत हुई। रविवार को यमुना का जलस्तर खतरे के निशान 205 मी. से नीचे है।मध्य प्रदेश में भोपाल समेत आधे से ज्यादा राज्य में 24 साल में पहली बार है कि अगस्त महीने के पहले 9 दिन बिना बारिश के बीते। यहां 1 मिमी भी बारिश नहीं हुई। 14 अगस्त से मौसम बदलने के आसार हैं, क्योंकि 13 अगस्त को बंगाल की खाड़ी में लो प्रेशर एरिया बनने की संभावना है, जो एक बड़े मानसूनी सिस्टम में बदल सकता है।यूपी में बीते एक हफ्ते से तेज बारिश जारी है। आज भी 5 जिलों में बहुत तेज बारिश हो रही है। शनिवार को 24 घंटे में यूपी के 72 जिलों में बारिश में 16.2 मिमी बारिश हुई, जो मौसम विभाग के अनुमान 7.1 मिमी से 128 प्रतिशत ज्यादा है। 1 जून से 9 अगस्त तक यूपी में 473.3 मिमी बारिश हुई, जो अनुमान 423.5 मिमी से 12 प्रतिशत अधिक है।

### रॉबर्ट वाड्रा पर 58 करोड़ की अवैध कमाई का आरोप

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने अपनी चार्जशीट में दावा किया है कि कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा ने 58 करोड़ रुपए अवैध रूप से कमाए। उन्होंने इस रकम का इस्तेमाल प्रॉपर्टी खरीदने और इन्वेस्टमेंट में किया। साथ ही अपने ग्रुप की कंपनियों को लोन दिया और उनके कर्ज चुकाने में भी किया। न्यूज एजेंसी एएनआई ने ईडी के हवाले से बताया, वाड्रा को करीब 5 करोड़ रुपए ब्लू ब्रीज ट्रेडिंग प्राइवेट लिमिटेड के जरिए मिले। बाकी 53 करोड़ रुपए स्काई लाइट हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड के जरिए आए।

## देश की शीर्ष दस कंपनियों में से छह का बाजार पूंजीकरण 1.36 लाख करोड़ रुपए घटा



**मुंबई।** भारत की शीर्ष दस सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण में इस हफ्ते 1.361 लाख करोड़ रुपए की गिरावट आई है, जिसमें सबस अधिक नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने की अनुचित घोषणा के बाद शेयर बाजार लगातार छठे हफ्ते गिरावट के साथ बंद हुआ।

निफ्टी और सेंसेक्स लगभग एक प्रतिशत गिरकर क्रमश: 24,363 और 79,857 पर बंद हुए। निफ्टी पैक की शीर्ष दस कंपनियों में से, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसी आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस और हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार पूंजीकरण में गिरावट आई।

## कर्नाटक के मुख्य चुनाव अधिकारी ने राहुल गांधी को जारी किया नोटिस



**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्य चुनाव अधिकारी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को वोटर लिस्ट में गड़बड़ी के आरोपों के संबंध में नोटिस जारी किया है। नोटिस में राहुल गांधी से उन दस्तावेजों की मांग की गई है जिनके आधार पर उन्होंने चुनाव आयोग पर आरोप लगाए थे।

नोटिस में कहा गया है कि राहुल गांधी ने अपनी प्रस्तुति के दौरान दावा किया था कि यह डेटा चुनाव आयोग का है और पोलिंग ऑफिसर के रिकॉर्ड में 'शकुन रानी' नाम की महिला का नाम दो बार दर्ज है। राहुल गांधी के अनुसार, संबंधित वोटर कार्ड पर टिक का निशान पोलिंग बूथ अधिकारी द्वारा डाले गए वोट को दर्शाता है। चुनाव अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि जांच में शकुन रानी ने यह बयान दिया है कि उन्होंने केवल एक बार ही वोट डाला, न कि दो बार जैसा कि आरोप लगाया गया है। इसके अलावा, प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया कि जिस 'टिक' लगे दस्तावेज को राहुल गांधी ने दिखाया था, वह पोलिंग ऑफिसर द्वारा जारी नहीं किया गया था। नोटिस में राहुल गांधी से कहा गया है—आपसे अनुरोध है कि जिन दस्तावेजों के आधार पर आपने यह दावा किया है कि शकुन रानी या किसी अन्य व्यक्ति ने दो बार वोट डाला है, वे दस्तावेज उपलब्ध कराएं ताकि मामले की निष्पक्ष जांच की जा सके।

### बिहार में डबल वोटर आईडी पर बखेड़ा

## तेजस्वी यादव ने उप मुख्यमंत्री पर दो मतदाता पहचान पत्र रखने का लगाया आरोप



**पटना।** तेजस्वी यादव ने बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा पर दो मतदाता पहचान पत्र रखने का गंभीर आरोप लगाकर नया विवाद खड़ा कर दिया है। यादव ने चुनाव आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध सबूतों का हवाला देते हुए सवाल किया कि क्या आयोग सिन्हा पर भी कार्रवाई करेगा, जैसा कि उन्हें खुद नोटिस भेजा गया था। उन्होंने उपमुख्यमंत्री के इस्तीफे और एफआईआर दर्ज करने की मांग की है, साथ ही चुनाव आयोग की प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए हैं। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा पर दो अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों में दो मतदाता पहचान पत्र रखने का आरोप लगाया है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में, तेजस्वी यादव ने सिन्हा पर आरोप लगाते हुए इसके सबूत भी पेश किए।

### पेनल्टी कॉर्नर




### पटेला री पोल

राजस्थान में रेप बढ़ रहे, पुलिस प्रशासन मौन
अपराधी बेलगाम हो गए, जनता की सुनेगा कौन
विपक्ष में आरोप लगाने वाले, राज में अपने शांत
हालात ऐसे बने रहे तो, अशांत हो जाएगा प्रांत

..मुखिया जी

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान की उपस्थिति में होगा आयोजन

## झुंझुनूं में आज प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत राष्ट्र स्तरीय डीबीटी कार्यक्रम होगा आयोजित

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान की मौजूदगी में 11 अगस्त (सोमवार) को झुंझुनूं में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत रबी सीजन 2024-25 एवं खरीफ सीजन 2024 की बीमा दावा राशि की पहली किश्त डीबीटी के माध्यम से राष्ट्रव्यापी स्तर पर किसानों के खातों में हस्तांतरित की जाएगी। कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रतिकात्मक चेक का भी वितरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री शर्मा व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री चौहान के द्वारा राज्य में लगभग 27 लाख फसल बीमा धारक किसानों को लगभग 1200 करोड़ रुपये की राशि का डीबीटी के माध्यम से भुगतान किया जाएगा। इस कार्यक्रम के जरिए रबी सीजन 2024-25 एवं खरीफ सीजन 2024 की बीमा दावा राशि की पहली किश्त देश के लाखों किसानों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से पहुंचेगी। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अन्तर्गत राज्य सरकार के कार्यकाल में (जुलाई 2025 तक) कुल 148 लाख पात्र फसल बीमा पॉलिसी धारक किसानों को 3 हजार 912.53 करोड़ रुपये के फसल बीमा क्लेम का भुगतान किया गया है।

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की यात्रा की तैयारियों का अधिकारियों ने लिया जायजा



**झुंझुनूं ।** जिले में आज सोमवार को होने वाले प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत क्लेम वितरण कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर रविवार को कृषि विभाग के प्रमुख शासन सचिव राजन विशाल कृषि आयुक्त चिन्मयी गोपाल, जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग, एसपी ब्रजेश उपाध्याय ने हवाई पट्टी स्थित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वीआईपी प्रवेश, जनता के लिए प्रवेश द्वार, पार्किंग, मंच, छायादार व्यवस्था, पेयजल और सुरक्षा के इंतजामों की जानकारी ली। प्रमुख शासन सचिव राजन विशाल ने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि सभी व्यवस्थाएं समय से पूरी की जाएं, ताकि कार्यक्रम सुचारू रूप से संपन्न हो सके। उन्होंने किसानों के लिए विशेष सुविधाओं का भी ध्यान रखने के निर्देश दिए।

## संसद सदस्यों के लिए नवनिर्मित 184 टाइप-VII बहुमंजिला फ्लैटों का प्रधानमंत्री उद्घाटन करेंगे

### लोकसभा अध्यक्ष, केंद्रीय मंत्री, सदन समिति (लोकसभा) के अध्यक्ष, संसद सदस्य तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद होंगे

**नईदिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली के बाबा खड़क सिंह (बीकेएस) मार्ग पर सांसदों के लिए नवनिर्मित 184 टाइप-VII बहुमंजिला फ्लैटों का उद्घाटन करेंगे। इस मौके पर, प्रधानमंत्री आवासीय परिसर में सिंदूर का पौधा भी लगाएंगे। कार्यक्रम के दौरान वे श्रमजीवियों के साथ संवाद भी करेंगे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य और ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, सदन समिति (लोकसभा) के अध्यक्ष डॉ. महेश शर्मा, संसद सदस्य और अन्य गणमान्य व्यक्ति इस मौके पर उपस्थित रहेंगे।

इस परिसर में सांसदों के कार्यों से जुड़ी ज़रुरतों को पूरा करने के लिए विभिन्न आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। हरित प्रौद्योगिकी को शामिल करते हुए, यह परियोजना गृह 3-स्टार रेटिंग के मानकों का पालन करती है और राष्ट्रीय भवन संहिता (एनबीसी) 2016 का पालन करती है। पर्यावरण के लिहाज़ से तैयार की गई इन खास विशेषताओं से ऊर्जा संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन और प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन में योगदान मिलेगा।

CMYK

# शेखी ढाणी में महिला की संदिग्धावस्था में मौत

## पीहर पक्ष ने जमवारामगढ़ थाने में कराया हत्या का मामला दर्ज

**जमवारामगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** शेखी ढाणी में महिला की संदिग्धावस्था में मौत, पीहर पक्ष ने जमवारामगढ़ थाने में कराया हत्या का मामला दर्ज। कार्रवाई नहीं होने पर थाने में धरने पर बैठा नांगल बैरसी निवासी पीहर पक्ष। जमवारामगढ़ थाना अंतर्गत शेखी ढाणी में एक महिला की संग्धित मौत के मामले में मृतका के चाचा ने शुक्रवार को जमवारामगढ़ थाने में मृतका के पति सहित छह लोगों के खिलाफ हत्या का नामजद मामला दर्ज कराया है। रामकिशन मीणा पुत्र हरसहाय मीणा निवासी नांगल बैरसी पुलिस थाना सदर दौसा ने थाने पर रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि उसकी भतीजी रेखा मीणा जिसका ससुराल शेखी ढाणी जमवारामगढ़ में है दिनांक 7 अगस्त को मेरी भतीजी रेखा मीणा को उसके पति गिरिराज मीणा व जेठ हरफूल , जेठानी धौली , देवर मुकेश व रामजीलाल सहित 6 लोगों ने मिलकर मेरी भतीजी को जहर पिलाकर मार दिया। जिसकी सूचना पड़ोसियों ने हमे दी। रिपोर्ट में यह भी बताया कि हम एसएमएस अस्पताल जयपुर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने मेरी भतीजी रेखा को मृत घोषित कर दिया था। रामकिशन ने यह भी बात की पूछताछ से पता चला है कि मृतका के ससुराल वाले आए दिन झगड़ा करते थे तथा पूर्व में भी मेरी भतीजी को जान से मारने की कोशिश की गई थी। घटना के मामले में




जमवारामगढ़ थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**गिरफ्तारी की मांग को लेकर मृतका के पीहर पक्ष वाले पहुंचे थाने** मृतका के पीहर पक्ष वाले आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर करीब 40 से 50 महिला व पुरुष जमवारामगढ़ थाने पहुंच कर धरना दे दिया है। मृतका के भाई दयाचंद मीणा ने मृतका के ससुराल पक्ष पर आरोप लगाया कि एसएमएस अस्पताल में ससुराल पक्ष के लोगों ने मुझे व मेरे परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी थी जिसकी रिपोर्ट मैने थाने में दे दी है। **मृतका के तीन लड़कियां है** मृतका के भाई ने बताया कि मेरी बहन रेखा के तीन लड़कियां है। सबसे बड़ी लड़की किरण जिसकी उम्र 8 साल है उससे छोटी लड़की परी जिसकी उम्र 5 साल है तीसरी व सबसे छोटी लड़की कानू जिसकी उम्र 3 साल है। **2016 में हुई थी रेखा की शादी** मृतका के भाई ने बताया कि मृतका रेखा की शादी करीब 2016 में शेखी की ढाणी में गिरिराज मीणा से हुई थी। रेखा का पति गिरिराज क्रस्न में नौकरी करता है। शादी के कुछ साल बाद ही मृतका से साथ गिरिराज व उसके परिवार वाले लड़ाई झगड़ा करते थे और मारपीट भी करते थे। मृतका के भाई ने बताया कि 6 महीने पहले भी मृतका व पीहर पक्ष वालों की तरफ से थाने में परिवाद दिया गया था। जिसमें मृतका के ससुराल पक्ष को पाबंद कर रखा था। **इनका ये क** जमवारामगढ़ थाना प्रभारी रामपाल शर्मा ने बताया कि मृतका का पोस्टमार्टम एसएमएस अस्पताल में करवाया जाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया था, घटना स्थल का नक्शा मौका बनाया गया तथा मृतका के मकान का सीसीटीवी फुटेज व अन्य साक्ष्य के संबंध जांच की जा रही है।

### *तहसील स्तर कार्यकारिणी का हुआ निर्वाचन*

**रतनगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) के तहसील स्तर कार्यकारिणी का निर्वाचन चुनाव अधिकारी शिव कुमार शर्मा प्रधानाचार्य एवं पर्यवेक्षक रमेश कुमार सैनी सरदारशहर की देखरेख में संचियालाल बैद आदर्श विद्या मंदिर में हुए। निर्विरोध हुए इस चुनाव में पंकज पीपलवा सभाध्यक्ष , सत्यनारायण टेलर उपसभाध्यक्ष , निलेश कुमार इंदौरिया अध्यक्ष, शिवकरण सारस्वत वरिष्ठ उपाध्यक्ष , दीपचंद शर्मा उपाध्यक्ष (पुरुष) , वंदना अग्रवाल उपाध्यक्ष (महिला), मंत्री जगनाराम मेघवाल, अन्नम भारद्वाज महिला मंत्री, ओमप्रकाश महर्षि कोषाध्यक्ष, शिव कुमार शर्मा (लूंछ) प्रधानाध्यापक प्रतिनिधि, विनोद चौटिया,सेवानिवृत्त प्रतिनिधि, अशोक शर्मा , राजेश कौशिक, लालचंद सुथार, राममनोहर साद, बहादुर सिंह, सत्यनारायण टेलर,भगवान सुथार, अंजू चौहान, भूराराम शर्मा आदि जिला महासमिति सदस्य निर्वाचित किए गए।

## कामां में सफाई कर्मचारियों की हड़ताल से कचरे के ढेर, नगर पालिका के खिलाफ प्रदर्शन

**कामां (हुक्मनामा समाचार)।** कामां नगर पालिका क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के कारण सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हुए हैं, जिससे कस्बे में गंदगी का आलम है। सफाई कर्मचारियों ने नगर पालिका अधिकारियों पर लापरवाही और उनकी मांगों पर ध्यान न देने का आरोप लगाया है।आज सफाई कर्मचारियों ने ऐतिहासिक लाल दरवाजे से नगर पालिका के खिलाफ नारेबाजी करते हुए एक रैली निकाली। उनकी मुख्य मांग न्यूनतम मजदूरी लागू करने की है। कर्मचारियों का कहना है कि वर्तमान में उन्हें मात्र 5,000 रुपये मासिक वेतन दिया जा रहा है, जो उनके गुजारे के लिए अपर्याप्त है।

उन्होंने बताया कि जब उन्होंने अपनी मांगों को नगर पालिका अधिकारियों के सामने रखा, तो उनकी बात को उच्च स्तर तक नहीं पहुंचाया गया, जिसके चलते वे तीन दिनों से हड़ताल पर हैं।सफाई कर्मचारियों ने नगर पालिका कार्यालय पर



एकत्र होकर पालिका अध्यक्ष गीता खंडेलवाल, अधिशासी अधिकारी नटवरलाल और ठेकेदार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद रैली मुख्य बाजार से होती हुई लाल दरवाजे तक पहुंची, जहां कर्मचारियों ने धरना दिया।

उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होंगी, हड़ताल जारी रहेगी।नगर पालिका क्षेत्र के सभी वार्डों में कचरे के ढेर जमा हो गए हैं, जिससे कस्बे वासियों में भी नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ रोष बढ़ रहा है। निवासियों का कहना है कि पालिका अध्यक्ष गीता खंडेलवाल ने अभी तक इस समस्या के समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया है।स्थानीय लोगों और कर्मचारियों ने मांग की है कि नगर पालिका प्रशासन तत्काल इस मामले में हस्तक्षेप करे और सफाई कर्मचारियों की जायज मांगों को पूरा करे, ताकि कस्बे में सफाई व्यवस्था बहाल हो सके। फिलहाल, हड़ताल के कारण कचरे के ढेर और गंदगी से कस्बे की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।

### *भरतिया की ढाणी में एक अज्ञात चोर वार्ड के पांच घरों में घुसकर चोरी की वारदात को दिया अंजाम*

**रतनगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** शहर के वार्ड संख्या 18 भरतियों की ढाणी में गत रात्रि को एक अज्ञात चोर वार्ड के पांच घरों में घुसा तथा तीन घरों से लाखों रुपए के सोने-चांदी के आभूषणों की चोरी कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के वार्ड संख्या 18 में भरतियों की ढाणी में एक अज्ञात चोर पांच घरों में घुसकर जगदीश नायक, दीपक नायक व कन्हैयालाल प्रजापत के घर से सोने-चांदी के आभूषण व नकदी की चोरी कर ली। वार्ड के जगदीश नायक की बेटी सुमन रक्षाबंधन पर राखी बांधने के लिए पीहर आई हुई थी। चोर ने उसके पर्स में रखे लाखों रुपए के जेवरात तथा दीपक नायक की पत्नी निर्मला, जो घर में सो रही थी, चोर ने कमरे की लाईट बंद कर अंधेरे में उसके गले में पहना मंगलसूत्र तोड़ लिया। वहीं कन्हैयालाल प्रजापत के घर से सोने-चांदी के आभूषण व आठ हजार रुपए नकदी की चोरी कर ली। जाग होने पर दीपक ने चोर का पीछा भी किया तथा उसका हाथ भी पकड़ लिया, लेकिन वह हाथ छुड़ाकर भागने में सफल हो गया।

## एक नजर

### समग्र सेवा संस्थान द्वारा स्कूली बालिकाओं को किया ड्रेस वितरण



**जमवारामगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** समग्र सेवा संस्थान हल्दिया हाउस जोहरी बाजार जयपुर द्वारा स्कूली बालिकाओं को किया ड्रेस वितरण। स्कूली बालिकाओं द्वारा नशा मुक्त रैली का आयोजन।बेटी बचाओ -बेटी पढ़ाओ-डॉक्टर ज्ञानेश हल्दिया। समग्र सेवा संस्थान हल्दिया हाउस जोहरी बाजार जयपुर द्वारा बालिकाओं को निःशुल्क ड्रेस वितरण। पूर्व जिला संगठन मंत्री सतीश शर्मा ने बताया की समग्र सेवा संस्थान के संयोजक डॉ ज्ञानेश हल्दिया अब तक करीब एक लाख से अधिक बालिकाओं को ड्रेस वितरण कर चुके हैं। ड्रेस वितरण कार्यक्रम से पूर्व स्कूली बालिकाओं द्वारा घर- घर तिरंगा एवं नशा मुक्ति रैली निकाली गई। रैली के द्वारा समाज को नशामुक्ति का संदेश दिया गया। जिला महिला मंत्री खामोश कंवर ने बताया की नशा नाश की जड है ओर यह तन मन और धन तीनों को बर्बाद कर देता है। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ ज्ञानेश हल्दिया ने स्कूली बालिकाओं के साथ अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर पूर्व पुरस्कृत शिक्षक एवं जिला संगठन मंत्री सतीश शर्मा ने सभी आगंतुक मेहमानों को प्रशस्ति स्मृति चिन्ह व माला भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान पुरस्कृत शिक्षक सतीश शर्मा, नयाबास प्रिंसिपल सीताराम मीणा, प्रधानाध्यापक राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय हीरावाला, अध्यापक राजेश शर्मा, शारीरिक शिक्षक जगदीश प्रसाद शर्मा, सुभाष तिवारी, हनुमान सहाय मीणा, प्रभू दयाल, ओमप्रकाश टेलर, सुरेश चंद, ओमप्रकाश सैनी एवं कुलदीप शर्मा सहित अनेक विद्वान शिक्षक मौजूद रहे।

### बहनों ने भाईयों की कलाई पर बांधा रक्षासूत्र



**टोडारायसिंह (हुक्मनामा समाचार)।** कस्बे सहित उपखंड क्षेत्र में सावन माह के आखिरी दिन पूर्णिमा को मनाया जाने वाला भाई-बहन के पवित्र स्नेह का प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व क्षेत्र में बड़े ही उल्लास , प्रेम और आध्यात्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। रक्षाबंधन के दिन भद्रा नहीं रहने के कारण दिनभर और देर रात तक राखी बांधने का सिलसिला चलता रहा । इस अवसर पर बच्चों में राखी को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। रक्षाबंधन से पूर्व द्वारों पर शगुन पूजन हुआ सबसे पहले घर के मंदिर में भगवान को राखी बांधी गई। तत्पश्चात बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर मिठाई खिलाकर पूजा आरती कर लम्बी उम्र की कामना की।

### यूरिया का सभी जिलों में पारदर्शितापूर्ण वितरण,
#### प्रदेश में वर्तमान में 1 लाख 70 हजार मै.टन यूरिया उपलब्ध

**धौलपुर (हुक्मनामा समाचार)।** कृषि विभाग की ओर से यूरिया की दैनिक उपलब्धता की समीक्षा कर कम उपलब्धता एवं अधिक खपत वाले जिलों को चिन्हित करते हुए सभी जिलों में प्राथमिकता से पूर्ण पारदर्शिता से वितरण किया जा रहा है। शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी राजन विशाल ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा निरन्तर केन्द्र सरकार से समन्वय कर प्रदेश में मांग अनुसार उर्वरकों की आपूर्ति करवाई जा रही है। प्रदेश में वर्तमान में 1 लाख 70 हजार मैट्रिक टन (एम.टी.) यूरिया सभी जिलों में उपलब्ध है। गंगानगर जिलें में सबसे अधिक 18777 एम.टी. जोधपुर में 12971, टोंक में 11900, नागौर में 8851 एवं बारां में 8583 एम.टी. यूरिया का स्टॉक उपलब्ध है। कम उपलब्धता वाले जिलों में आगामी 3-4 दिवस में यूरिया की आपूर्ति हेतु कार्यवाही की जा चुकी है। उन्होने बताया कि केन्द्र सरकार की ओर से यूरिया एवं डीएपी का राज्यों को माहवार व कम्पनीवार आंवटन किया जाता है। राज्य सरकार द्वारा प्राप्त आंवटन एवं जिलों की मांग के अनुसार जिलेवार आपूर्ति योजना तैयार कर उर्वरकों का वितरण कराया जाता है।

### हर घर तिरंगा अभियान को प्रदेशभर में वृहद स्तर पर मनाएगी भाजपा
#### देशभक्ति में ना हो पक्ष-विपक्ष का भेद : मदन राठौड़

**पाली (हुक्मनामा समाचार)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने पाली प्रवास के दौरान पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस को केवल एक औपचारिकता बनाकर नहीं छोड़ा जाएगा, बल्कि हर घर तिरंगा अभियान के माध्यम से इसे वृहद स्तर पर मनाया जाएगा। भाजपा कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ पर घर-घर तिरंगा फहराने के लिए तत्पर हैं। इस दौरान तिरंगा यात्राओं के साथ विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल भाजपा का नहीं, बल्कि पूरे देश का है। उन्होंने विप दलों से भी आह्वान किया कि वे भी राष्ट्रभक्ति की भावना से प्रेरित होकर इस अभियान में भाग लें। राठौड़ ने कहा, हम चाहते हैं कि पक्ष में भी राष्ट्रभक्ति हो और विपक्ष में भी।

### नारायणी सेना के विजय सैन बने प्रदेश संगठन सचिव



**बनेठा (हुक्मनामा समाचार)।** नारायणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील गहलोत, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव जितेंद्र जीत सा सैन, प्रधान महासचिव राजेंद्र सैन बगड़ी,राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश सेन, की सहमति से विजय सैन राठौड़ निवासी टोंक को प्रदेश संगठन सचिव मनोनीत किया है और पद एंव गोपनीयता की शपथ दिलाकर संगठन हित मे समाज सेवा सहित कार्य करने के लिए निर्देश दिए गए है। विजय सैन राठौड़ को नारायणी सेना में प्रदेश संगठन सचिव बनने पर पर रवि सैन निवाई, प्रेम प्रकाश सैन निवाई,श्याम लाल सैन दाखिया, महावीर सैन, कालू सैन दाखिया, सोनू सैन बनेठा, संजय सैन, सोनू सैन उनियारा सहित सैन समाज के लोगो ने बधाई दी है।

### गोगामेड़ी में खाद्य सामग्री की जांच कर 12 सैम्पल भरे, अवधि पार 45 लीटर कोल्डड्रिंक नष्ट करवाई गइ

**हनुमानगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** नोहर में चल रहे गोगामेड़ी मेले में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है और नियमित रूप से सैंपल लिए जा रहे हैं। इस दौरान अनेक दुकानों से खाद्य सामग्री, मिठाई एवं पेय पदार्थों के सैम्पल लिए जा रहे हैं। रविवार को जांच के दौरान 45 लीटर खराब कोल्डड्रिंक भी मौके पर नष्ट करवाया गया। व्यापारियों को शुद्ध एवं स्वच्छ खाद्य सामग्री बेचने के लिए पाबंद किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि नोहर में चल रहे गोगामेड़ी मेले में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुदेश कुमार गर्ग ने मेले में खाद्य सामग्री बेच रहे अनेक दुकानों की जांच की। डॉ. शर्मा ने बताया कि आज 12 सैम्पल लिए गए, जिनमें 6 सैम्पल एक्ट के अंतर्गत एवं 6 सैम्पल सर्विलांस के अंतर्गत संग्रहित किए गए। मै. मजीसा जोधपुर मिष्ठान भण्डार से कलाकंद का सैम्पल संग्रहित किया गया। इसी तरह, मै. बालाजी स्वीट्स से पेडा, मै. अर्चना मिष्ठान भण्डार से जलेबी, मै. गोगा भोग भण्डार से लड्डू, मै. गौरव यूपी वाले से लड्डू, मै.बीकाणा स्वाद मिठाई एण्ड नमकीन से मावा, मै. बालाजी शुद्ध भोजनालय से हल्दी पाउडर एवं लाल मिर्च पाउडर एवं मै. हिमांक कुल्फी एण्ड आइसक्रीम से रबड़ी आइसक्रीम एवं रबड़ी कुल्फी आइसक्रीम का सैम्पल संग्रहित किया गया। जांच के दौरान 45 लीटर खराब कोल्डड्रिंक भी मौके पर नष्ट करवाई गई।

### *मनीष भान सिंह भारतीय पावर लिफ्टिंग कोच बने*

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** भरतपुर ज़े वेट लिफ्टिंग कोच व राजस्थान वेट लिफ्टिंग एसोसिएेशन ज़े अध्यक्ष मनीषभान सिंह को वर्ल्ड पावर लिफ्टिंग इंडिया (जतीयो पावर लिफ्टिंग फेडरेशन) ने काठमाण्डु नेपाल में 15 से 17 अगस्त तक होने वाली एशियन पावर लिफ्टिंग चैम्पियनशिप ज़े लिए भारतीय टीम का कोच बनाया है। राजस्थान पावर लिफ्टिंग टीम ज़े मैनेजर संजीव चीनिया ने बताया कि कोच मनीषभान सिंह को भारतीय पावर लिफ्टिंग टीम का कोच बनाया गया है व मनीषभान सिंह को एशियन पावर लिफ्टिंग चैम्पियनशिप में रैफ्री की भूमिका भी निभायेंगे तथा इस चैम्पियनशिप में मास्टर्स वर्ग में 85 ज़ेजी भार वर्ग में भारत की चुनौती पेश करेंगे।

## त्रिभाषी वरिष्ठ साहित्यकार निर्मल शर्मा का राष्ट्रीय कवि में हुआ सम्मान




**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** स्वास्थ्य एवं साहित्य संगम राष्ट्रीय कवि चौपाल की 528 वीं कड़ी में त्रिभाषी वरिष्ठ साहित्यकार निर्मल शर्मा, अधिवक्ता बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष संतनाथ योगी एवं शिक्षा विद भंवरलाल भार्गव आदि मंच शोभित हुए, रक्षा बंधन विषय पर केन्द्रित रचनाओं से काव्य गोष्ठि पर आनन्दित हुवे । रविवार के विशेष आकर्षण वरिष्ठ साहित्यकार पर साहित्य युवा निर्मल शर्मा के काव्य संरचना में.. राजस्थानी भाषा में स्वतंत्रता दिवस पूर्व सामयिक रचना .. म्हारा लाडकड़ा गीगलिया, म्हारा लाल म्हारी बात राखजै,.. सत री राखीजै तू साख, म्हारा लाल,..म्हारी बात राखजै तथा श्रवण कुमार पर केन्द्रित - कैसे तीरथ करन को जांय,.. श्रवण बेटा, ज्योति न नैनन मांय रचना सुनाकर पूरे सदन की वाह वाही बटोरी कार्यक्रम अध्यक्ष संतनाथ योगी ने अध्यय उद्बोधन में बताया कि राष्ट्रीय कवि चौपाल से गत ग्यारह वर्षों में कई कवि गज़लकार गीतकार एवं राष्ट्रीय स्तर कवि दिये है, विशिष्ट अतिथि भंवर लाल भार्गव ने कहा कि मौलिक लेखन विहिन बांझ अस्तित्व ही रहता है, लेकिन इससे पूर्व रामेश्वर साधक ने कार्यक्रम शुभारम्भ करते हुए सम्मान-बोद्धिक में बताया कि अद्वितीय कवि श्रेष्ठ गोस्वामी तुलसीदास जी की कालजयी रचना को कविवृन्द से साहित्यांग संदर्भ सबकुछ आत्मसात किया जा सकता है वह यश कीर्ति क्षय हो जाए जिसका सम्मान न किया जाए, पर सोने में सुगंध कि सम्मान में कीर्तिमान के बीजारोपण कालजयी आदर्श बन जाए।

### रामदेवरा पैदल यात्रियों की सेवा के लिए प्रेम जल सेवा समिति 20 अगस्त को होगी रवाना



**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** प्रेम जल सेवा समिति द्वारा हर वर्ष की भांति इस बार भी रामदेवरा पैदल यात्रियों के लिए मार्ग में सेवा शिविर लगाया जाएगा। संस्थापक श्रवण कुमार हाटिला ने बताया कि रामदेवरा पैदल यात्रियों की सेवा के लिए प्रेम जल सेवा समिति 20 अगस्त 2025 को पाबूबारी अम्बेडकर चौक से सुबह 11ः30 बजे रवाना होगी। उन्होंने बताया कि समिति द्वारा पैदल यात्रियों के लिए भोजन, चाय-नाश्ता, शीतल जल एवं मेडिकल आदि की सेवाएं दी जाएगी।

## विदेशी पर्यटको ने मनाया रक्षाबंधन का पर्व



**नवलगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** नवलगढ़ भाई बहन के अटूट स्नेह का पर्व रक्षाबंधन शनिवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। श्रावण मास की पूर्णिमा की तिथि पर बहिनों ने रक्षा सूत्र से भाइयों की कलाइयां सजाई। भारतीय पुरु षों की कलाइयों पर बंधी राखी देखकर विदेशी पर्यटक भी अपने आप को रोक नहीं पाए। कुछ ऐसा ही भावुक पल शनिवार को नवलगढ़ में देखने को मिला। म्यूजियम देखने पहुंचे फ्रांसिसी पर्यटक परिवार के साथ आई युवती ऐलिना ने म्यूजियम के कर्मचारियों की कलाई पर बंधी राखी के बारे में पूछा तो जानकर भावुक हो गई। ऐलिना ने खुद रक्षाबंधन मनाने की इच्छा जाहिर की तो गाइड राहुल ने राखी, मिठाई, पूजा की थाली आदि का इंतजाम किया। उसके बाद ऐलिना ने पहले साथ आए अपने सगे भाई फिलिप को तिलक लगाकर राखी बांधी। इसके बाद हवेली के कर्मचारी प्यारेलाल सैनी को भी राखी बांधकर भाई का रिश्ता जोड़ा। प्यारेलाल ने बहिन बनी ऐलिना को शगुन के रुपए व टॉफी भेंट की तो ऐलिना भावुक हो गई और प्यारेलाल से गले मिलकर बोली भैया मुझे दुबारा मौका मिलते ही मैं रक्षाबंधन पर आकर आपको फिर से राखी बांधूंगी।

### राजेश व्यास की पुस्तक सुफल वास्तु का हुआ विमोचन
#### बीकानेर के अनेक ज्योतिषियों, वास्तु शास्त्रियों और विद्वान पंडितों ने शहर को दिलाई नई पहचान : विधायक व्यास




**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** वास्तुविद राजेश व्यास की पुस्तक सुफल वास्तु का रविवार को बेसिक सभागार में विमोचन हुआ।

मुक्ति संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास मौजूद रहे।

उन्होंने कहा कि वास्तु हमारे जीवन में सुगमता प्रदान करता है। यह पुरातन पद्धति है, जो वास्तव में वैज्ञानिक तथ्यों के आधार पर संचालित होती है। उन्होंने कहा कि राजेश व्यास ने अपनी साधना को पुस्तक के रूप में प्रकाशित कर इसे जन-जन तक पहुंचाने का काम किया है।

इससे वास्तु के सिद्धांतों से आमजन रूबरू हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि बीकानेर के अनेक ज्योतिषियों, वास्तु शास्त्रियों और विद्वान पंडितों ने शहर को नई पहचान दिलाई है।

### *लालगढ मंडल की हर घर तिरंगा अभियान कार्यशाला और तिरंगा यात्रा*



**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** लालगढ़ मंडल की कार्यशाला रखी गई हर घर तिरंगा अभियान के लिए मंडल अध्यक्ष धर्मपाल डूडी की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें मुख्य वक्ता शहर जिला महामंत्री कौशल शर्मा ने हर घर तिरंगा अभियान और विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के बारे बताया और मंडल की आगामी गतिविधियों की चर्चा की । शहर महामंत्री श्याम सिंह हाड़ला ने आगामी कार्यक्रमों के लिए योजना बनाई। शहर जिला मंत्री विनोद करोल ने सभी कार्यकर्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया ।

## जयपुर की लैब में पैदा होंगी अच्छी नस्ल की गाय

# नर पशुओं की संख्या कंट्रोल की जाएगी, अमेरिका से लाई गईं दो मशीनें

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान में पहला सेक्स सोर्टेड सीमन बैंक सोमवार से जयपुर जिले के बस्सी में शुरू होगा। इसकी मदद से बेहतर नस्ल के मादा बछड़े मिलने की संभावना बढ़ेगी, जिससे दूध उत्पादन और आय में वृद्धि होगी। साथ ही नर पशुओं की संख्या नियंत्रित की जा सकेगी। यह सुविधा नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड (एनडीडीबी) और राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन (आरसीडीएफ) के सहयोग से शुरू की जा रही है। बस्सी में 1977 से संचालित फ्रोजन सीमन बैंक में ही मॉडर्न लैब स्थापित की गई है, जिसमें एनडीडीबी की ओर से अमेरिका से लाई गई दो मशीनें लगाई गई हैं। मशीनों का आज ट्रायल किया जाएगा और पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत सोमवार को लैब का उद्घाटन करेंगे। **123 सांडों से कन्वेंशनल सीमन डोज तैयार होते हैं** कैबिनेट मंत्री पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग जोराराम कुमावत ने बताया- फिलहाल बस्सी में 123 सांडों से कन्वेंशनल सीमन डोज तैयार होते हैं, जबकि प्रदेश का दूसरा सीमन बैंक जोधपुर में है, जहां सालाना करीब 12 लाख कन्वेंशनल डोज तैयार किए जाते हैं। नई तकनीक से न केवल राजस्थान की मांग पूरी होगी, बल्कि अन्य राज्यों को भी डोज उपलब्ध कराई जा सकेगी। **सात नस्लों का सीमन तैयार होगा** लैब में नई तकनीक से भैंस की मुर्रा नस्ल, गाय की विदेशी नस्ल हॉलस्टियन फ्रोजियन (एचएफ), क्रॉसब्रिड हॉलस्टियन फ्रोजियन (सीबीएचएफ), और देशी नस्लें गिर, साहीवाल, थारपारकर व राठी के सेक्स सोर्टेड डोज तैयार किए जाएंगे। इससे पशुपालकों को बेहतर नस्ल के मादा बछड़े मिलने की संभावना बढ़ेगी, जिससे दूध उत्पादन और आय में वृद्धि होगी। **क्या है सेक्स सोर्टेड सीमन** सेक्स सोर्टेड सीमन एक तकनीक है, जिसमें मादा शुक्राणुओं की संख्या बढ़ाई जाती है, जिससे मादा बछिया पैदा होने की संभावना 90% से ज्यादा होती है। इसका उपयोग कृत्रिम गर्भाधान के जरिए किया जाता है। यह तकनीक नर पशुओं की संख्या नियंत्रित करने में मदद करती है और आवारा पशुओं की समस्या को कम कर सकती है। पशुपालक अपने नजदीकी पशु चिकित्सालय या सीमन स्टेशन से यह डोज ले सकेंगे। **ऐसे काम करेगी तकनीक** सेक्स सॉर्टेड सीमेन तकनीक में लैब के अंदर वीर्य से नर (ङ्घ क्रोमोसोम) और मादा (ङ्क क्रोमोसोम) शुक्राणुओं को डीएनए की मात्रा में अंतर के आधार पर अलग किया जाता है। इसके बाद केवल मादा शुक्राणुओं वाले सीमेन को कृत्रिम गर्भाधान के लिए उपयोग किया जाता है। चूंकि गर्भधारण में इस्तेमाल होने वाले सभी शुक्राणु मादा बछिया पैदा करने की क्षमता रखते हैं, इसलिए इससे मादा बछिया होने की संभावना 90% से अधिक हो जाती है, जबकि सामान्य सीमेन में यह संभावना करीब 50% होती है। **नस्ल सुधार में अहम कदम** राजस्थान की अर्थव्यवस्था में पशुपालन का लगभग 10% हिस्सा है, जबकि कृषि और पशुपालन विभाग मिलकर राज्य की जीडीपी में 22% योगदान देते हैं। दूध उत्पादन में राजस्थान देश में दूसरे स्थान पर है। राज्य में चल रहे नस्ल सुधार कार्यक्रमों के तहत बस्सी में सेक्स सोर्टेड सीमन लैब की स्थापना को पशुपालन क्षेत्र के लिए एक अहम उपलब्धि माना जा रहा है।

## जयपुर के क्लब पर पुलिस की रेड, अवैध शराब मिली

# हार्डकोर बदमाश भी किया गया गिरफ्तार, हत्या समेत 9 केस दर्ज

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जयपुर की श्याम नगर थाना पुलिस ने इलाके में स्थित टोवो क्लब पर कार्रवाई कर 8 पेटी शराब रिकवर की है।

क्लब में अवैध रूप से शराब रखी हुई थी। इसे क्लब में आने वाले लोगों को परोसा जा रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस ने रेड कर शराब रिकवर की। अवैध रूप से शराब रखने वाले हार्डकोर अपराधी अनुज गुर्जर को मौके से गिरफ्तार किया। डीसीपी साउथ राजर्षि राज ने बताया- जयपुर शहर में हो रही अवैध शराब भण्डारण और बिक्री के खिलाफ कार्रवाई के लिए सभी थानाधिकारियों को निर्देश दिए गए है।

इस पर कार्रवाई के लिए एडिशनल डीसीपी ललित किशोर शर्मा, एसीपी योगेश चौधरी ,सीआई श्याम नगर दलबीर सिंह की टीम ने टोवो क्लब, गंगा जमुना के सामने, न्यू सांगानेर रोड पर दबिश दी। मौके से अलग-अलग ब्रांड की शराब की बोतलें मिलीं। मौके से आरोपी अनुज गुर्जर को गिरफ्तार किया गया। आरोपी से अवैध शराब भण्डारण के संबंध मे पूछताछ जारी है। अन्य संदिग्ध गजेन्द्र गुर्जर, मनीष गौतम से भी पूछताछ की जाएगी। अवैध शराब भण्डारण करने वाला आरोपी अनुज गुर्जर को मौके से गिरफ्तार किया गया। इसके खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास, लूट जैसी संगीन धाराओं में कुल 9 मामले दर्ज हैं।

## लैटिन अमेरिकी देशों के 24 कंटेंट क्रिएटर्स ने डिप्टी सीएम दिया कुमारी से की मुलाकात



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** विदेश मंत्रालय (रूध्र) की जन कूटनीति पहल के तहत भारत भ्रमण पर आए लैटिन अमेरिकी देशों के 24 कंटेंट क्रिएटर्स के प्रतिनिधिमंडल ने आज सिटी पैलेस में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी से शिष्टाचार भेंट की। यह प्रतिनिधिमंडल ब्राज़ील, मैक्सिको, अर्जेंटीना, चिली, कोलंबिया, पेरू, पनामा, कोस्टा रिका, गुयाना, सूरीनाम, त्रिनिदाद-टोबैगो और जमैका जैसे देशों से आया है। 9 से 15 अगस्त तक राजस्थान प्रवास के दौरान ये सभी भारत की समृद्ध विरासत, जीवंत संस्कृति और विविधतापूर्ण जीवन शैली से रूबरू हो रहे हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इस तरह की पहलों से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की सांस्कृतिक धरोहर और पर्यटन संभावनाओं का प्रभावी प्रचार-प्रसार होता है। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को राजस्थान की कला, स्थापत्य और आतिथ्य परंपरा से अवगत कराया और उनके अनुभव जानने में रुचि दिखाई। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने राजस्थान की ऐतिहासिक विरासत, रंग-बिरंगे उत्सवों और स्थानीय खानपान की सराहना की तथा अपने डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर इन अनुभवों को साझा करने का आश्वासन दिया।

# अहमदाबाद में राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी का किया नागरिक अभिनंदन

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी का आज अहमदाबाद के शाहिबाग स्थित तेरापंथ सभा भवन में भव्य नागरिक अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर गुजरात विधानसभा अध्यक्ष शंकरभाई चौधरी भी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन राजस्थान युवा मंच एवं राजस्थान सांस्कृतिक मंच द्वारा किया गया। समारोह में राजस्थान प्रांत के प्रवासी सर्व समाज के गणमान्य प्रतिनिधि, अग्रणी नेता, विभिन्न व्यापारी संगठनों के पदाधिकारी एवं सामाजिक संस्थाओं के प्रमुखजन उपस्थित रहे और दोनों विधानसभा अध्यक्षों का पुष्पमालाओं व स्मृति चिन्ह के साथ स्वागत-सत्कार किया। नगर निगम अहमदाबाद की महापौर श्रीमती प्रतिभाबेन जैन ने स्वागत भाषण में




नगरवासियों को स्वच्छता अभियान में अहमदाबाद की उपलब्धियों के लिए बधाई दी। उन्होंने आगामी गणेश महोत्सव के अंतर्गत मिट्टी से निर्मित गणेश प्रतिमाओं के उपयोग को प्रोत्साहित करने की जानकारी दी और गणेश प्रतिमा भेंट कर अध्यक्ष महोदय का अभिनंदन किया। अपने संबोधन में वासुदेव देवनानी ने कहा कि श्रावण मास के दौरान गुजरात प्रवास में प्रथम ज्योतिर्लिंग नागेश्वर महादेव के दर्शन एवं पूजा-अर्चना, द्वारकाधीश के दर्शन और गिर यात्रा का सौभाग्य मिला। उन्होंने कहा कि गुजरात और राजस्थान दोनों राज्य भाईचारे, सौहार्द और विकास के साझे मूल्यों के प्रतीक हैं, और दोनों राज्यों के नागरिक 'दूध में शक्कर' की तरह मिलकर आगे बढ़ रहे हैं। गुजरात विधानसभा अध्यक्ष शंकरभाई चौधरी ने इस अवसर पर देवनानी का स्वागत करते हुए कहा कि गुजरात प्रवास के दौरान उन्होंने यहां बसे राजस्थानी समाज से मिलने का समय निकाला, यह उनके आत्मीयता और समाज के प्रति समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने सभी से दोनों राज्यों के विकास में मिलकर योगदान देने का आग्रह किया।

# विश्व स्तर पर प्रशंसित नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. हरमिंदर सिंह दुआ ने आर्मी अस्पताल (आर एंड आर), नई दिल्ली का दौरा किया

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** वैश्विक नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. हरमिंदर सिंह दुआ ने 02 अगस्त, 2025 को आर्मी हॉस्पिटल (रिसर्च एंड रेफरल), नई दिल्ली का दौरा किया। वह वर्तमान में नॉटिंघम विश्वविद्यालय, ब्रिटेन में नेत्र विज्ञान के प्रोफेसर हैं और कॉर्निया विज्ञान में उनके अभूतपूर्व योगदान के लिए दुनिया भर में सुप्रसिद्ध हैं, जिसमें दुआ की कॉर्निया परत की खोज भी सम्मिलित है। नेत्र रोग विभाग के अपने दौरे के दौरान, डॉ. दुआ ने अस्पताल के अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे, अत्याधुनिक उपकरणों, स्वच्छ वातावरण और अनुशासित व सहानुभूतिपूर्ण कार्य संस्कृति की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, "आर्मी हॉस्पिटल (आर एंड आर) की सुविधाएं और मानक दुनिया के कुछ सर्वश्रेष्ठ केंद्रों के बराबर हैं, बल्कि कुछ मामलों में तो उनसे भी उत्कृष्ट हैं।" प्रोफ़ेसर दुआ ने वरिष्ठ संकाय, स्नातकोत्तर छात्रों और स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों सहित विविध श्रोताओं के समक्ष 'जहाज का संचालनः छात्रवृति से नेतृत्व तक' विषय पर व्याख्यान दिया। उनके संबोधन में चिकित्सा जगत में उनकी शानदार यात्रा से प्राप्त अंतर्दृष्टि के साथ, अकादमिक खोज से दूरदर्शी नेतृत्व तक के सूक्ष्म विकास पर प्रकाश डाला गया। डॉ. दुआ एएचआरआर में बनने वाले उन्नत नेत्र दृश्य विज्ञान केंद्र, संयुक्त प्रतिस्थापन केंद्र और कैंसर विज्ञान केंद्र से बहुत प्रभावित हुए। ये केंद्र रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के मार्गदर्शन में अमल में लाई जा रही दूरदर्शी परियोजनाएं हैं, जो सशस्त्र बलों को सुसज्जित करने और उन्हें भविष्य के लिए तैयार करने में एक प्रेरक शक्ति रहे हैं। थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी इन पहलों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। प्रोफेसर दुआ ने सशस्त्र सेना चिकित्सा सेवाओं और महानिदेशक सर्जन वाइस एडमिरल आरती सरीन के नेतृत्व वाली इसकी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को उत्कृष्टता का एक अनूठा मॉडल बताया, जो ईमानदारी, सेवा, नवाचार और नैदानिक कौशल पर आधारित है। डॉ. दुआ दशकों से नैदानिक उत्कृष्टता, शैक्षणिक मार्गदर्शन और शल्य चिकित्सा नवाचार के प्रतीक रहे हैं। उनके कार्य ने आधुनिक नेत्र विज्ञान के परिदृश्य को बदल दिया है और वे दुनिया भर के चिकित्सकों और शोधकर्ताओं की पीढ़ियों को प्रेरित करते रहे हैं। इस यात्रा के दौरान, सेना अस्पताल (आर एंड आर) के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल शंकर नारायण ने उन्हें सम्मानित किया।

# नेशनल अवार्ड प्राप्त करने पर अरशद खान का किया अभिनंदन




**चूरू (हुक्मनामा समाचार)।** जिला मुख्यालय स्थित उस्मानाबाद कॉलोनी में नव ज्ञान ज्योति सी. सै. स्कूल में रविवार को निदेशक अरशद खान का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में राज्य स्तर पर बेहतरीन स्कूल संचालन करने पर दिल्ली में नेशनल स्कूल अवार्ड से डायरेक्टर अरशद खान को सम्मानित किया गया। एसीएमएचओ डॉ. एहसान गौरी के मुख्य आतिथ्य में हुये समारोह में अरशद खान का माल्यार्पण कर व अभिनंदन पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जाफर खान ने कहा कि यह चूरू जिले के लिये खुशी की बात है, कि एक संस्थान को इतनी बड़ी सफलता मिली है और ऐसी सफलता से अन्य शिक्षण संस्थानों के लिए भी प्रेरणा स्त्रोत बनेगी। इस दौरान यूसुफ गौरी, डॉ. शाहनवाज खान, डॉ. अख्तर खान, अध्यापक आवेश कुरैशी, अध्यापक अजीज खान, अध्यापक सतार खान, महबूब खान, सुलेमान मनिहार, नौशाद खान, मो. हुसैन खान, रेहान खान, मोनीश खान, अमन खान आदि उपस्थित थे।

## निगम हूपर की चपेट में आने से युवक की मौत

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जयपुर के जयसिंहपुरा खोर थाना इलाके में शनिवार दोपहर नगर निगम के हूपर की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक राम कल्याण सैनी (40) के परिजन पुलिस कार्रवाई और एक परिजन को सरकारी नौकरी की मांग को लेकर हटवाड़ा रोड मुख्य सड़क स्थित स्टैंड पर धरना दे रहे हैं। राम कल्याण शनिवार दोपहर पत्नी रसाल को लेकर बाइक से अलवर स्थित ससुराल जा रहा था। इसी दौरान जयसिंहपुरा खोर थाने के पास सामने से आ रहे निगम के हूपर ने बाइक को टक्कर मार दी। जिस से पति-पत्नी घायल हो गए। स्थानीय लोग दोनों को लेकर निजी अस्पताल पहुंचे।

## गहलोत के पीएसओ ने दूधवाले को भी बेचा था पेपर

# बोला- बेटा एसआई बनना चाहता था, दबाव बना रहा था, इसलिए खरीदा था

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** सब इंस्पेक्टर-2021 परीक्षा का पेपर लीक कांड इन दिनों अशोक गहलोत के कारण फिर से चर्चा में है। इस कांड में उनके पर्सनल सिक्योरिटी ऑफिसर (क्स्ह) राजकुमार यादव को जांच एजेंसी ने पकड़ा है। उसने पूछताछ में बताया कि बेटे के दबाव में उसने पेपर खरीदा था। उसने अपने दोस्त कुंदन को पैसा देकर पेपर लिया था। इसके बाद अपने दूध वाले को भी पेपर बेचा था। आरोपी राजकुमार को 8 अगस्त 2025 को पकड़ा गया था। हेड कॉन्स्टेबल राजकुमार और उनका बेटा भरत यादव 3 दिन की रिमांड पर है। एसओजी से मिली जानकारी के अनुसार राजकुमार ने बड़ी रकम कुंदन कुमार को पेपर के लिए दी थी। इस पैसे का बोझ उतारने के लिए उसने अपने दूध वाले को पेपर की बात बताई। दूध बेचने वाले ने खुद के बेटे रविन्द्र सैनी के लिए राजकुमार यादव को पैसे देकर पेपर लिया। राजकुमार ने अपने जानकार सतेंद्र को भी मोटी रकम लेकर पेपर बेच दिया था। राजकुमार के बेटे ने पूछताछ में बताया है कि पिता से पेपर मंगवाया था।

इसे पढ़कर ही परीक्षा में पास हुआ। लेकिन फिजिकल में फेल हो गया था। वहीं, रविंद्र एसआई बन गया था। दरअसल, एसओजी ने सबसे पहले सतेंद्र को गिरफ्तार किया था। उसने ही पीएसओ राजकुमार यादव के बारे में जानकारी दी थी। एसओजी ने राजकुमार यादव और रविंद्र सैनी को पूछताछ के लिए मुख्यालय आने के लिए कहा था। इस दौरान ट्रेनी एसआई रविन्द्र सैनी ने राजुकमार यादव को फोन पर पूछा था कि आगे क्या करना है। तो यादव ने उसे फरार होने की सलाह दी। उसके बाद से रविंद्र फरार है।

## द्वारका स्थित पवित्र नागेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन कर देवनानी ने की सबके कल्याण की कामना



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने रविवार को सपरिवार द्वारका में स्थित पवित्र नागेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में दर्शन एवं पूजा-अर्चना का सौभाग्य प्राप्त किया। नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक, श्रद्धालुओं के लिए आस्था, आध्यात्मिक शांति और दिव्य शक्ति का अद्वितीय केंद्र माना जाता है। मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर देवनानी ने समस्त प्रदेश और देशवासियों के सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य और कल्याण की प्रार्थना की। इस अवसर पर देवनानी ने कहा कि भगवान महादेव की असीम कृपा और आशीर्वाद से सभी के जीवन में शांति, सद्भाव और समृद्धि का संचार हो।

## न्यूज विंडो

### पुलिस की तुरंत कार्रवाई हत्या का आरोपी चंद घंटे में गिरफ्तार

**भुसावर (हुक्मनामा समाचार)।** खेड़ली मोड थाना पुलिस ने हत्या के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी बलराम यादव ने बताया कि 9 अगस्त को नदबई थाना के नामखेडा निवासी गौरव कुमार ने मामला दर्ज करवाया था। गौरव ने बताया कि उसका चाचा समंदर (36) 8 अगस्त को देर शाम अपनी ससुराल अलीपुर के नगला भावला आया था। वहां हरवीर, मोहनसिंह, वीरबल और कुंवर ने मिलकर उनकी हत्या कर दी। थाना प्रभारी यादव ने बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम करवाया गया। रेंज आईजी कैलाश विश्नोई और जिला पुलिस अधीक्षक दिगंत आनंद के निर्देश पर एएसपी वैर रामगोपाल और सीओ धर्मेंद्र शर्मा के सुपरवीजन में टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने 9 अगस्त की देर शाम मुख्य आरोपी नगला भावला निवासी कुंवर सिंह (26) को गिरफ्तार किया। इस दौरान टीम में थानाधिकारी बलराम यादव के साथ महेश चंद, भूरी सिंह, भूपेंद्र और हेमराज मौजूद रहे।

### स्मार्ट मीटर व बिजली के निजीकरण के खिलाफ प्रदर्शन आज

**सीकर (हुक्मनामा समाचार)।** बिजली उपभोक्ता संयुक्त संघर्ष समिति के आव्हान पर स्मार्ट मीटर लगाना बंद करने, बिजली का निजीकरण बंद करने, बिजली निगम के कर्मचारियों की छटनी बंद करने, समय पर लाइनों के फाल्ट निकालने सहित बिजली की विभिन्न समस्याओं को लेकर कल 11 अगस्त सोमवार को दोपहर 11:00 बजे सहायक अभियंता कार्यालय घोद पर पर धरना दिया जाएगा! धरने की व्यापक तैयारी के लिए संघर्ष समिति के संयोजक उस्मान खां प्रधान, रुङसिंह महला व राम रतन बगड़िया ने कासली, नेतडवास, भुवांला, नागवा ,बड़कासली, रामबक्षपुरा मुक्कनपुरा पैवा,बोसाना, बालूपुरा, दुगोली मौल्यासी, सेवद, टाटनवा, लाडला आदि गांव में जनसंपर्क किया।

### मेहंदवास मंडल द्वारा हमीरपुर खेड़ा से सांखना तक तिरंगा यात्रा निकाली



**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** भारतीय जनता पार्टी मेहंदवास मंडल द्वारा हमीरपुर खेड़ा से सांखना तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। भाजपा कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों ने हाथ में तिरंगा झंडा लेकर मोटरसाइकिल पर तिरंगा रैली निकाली। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने कहा कि आमजन तिरंगा यात्रा को लेकर उत्साहित है। यह तिरंगा यात्रा हर कार्यकर्ता के लिए गर्व एवं सेवा का अवसर है। उन्होंने कहा कि मोदी की सरकार में आतंकियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जायेगा। अब आतंकी भारत की ओर देखने से भी डरेंगे। तिरंगा केवल एक झंडा नहीं, बल्कि देश की आन, बान एवं शान का प्रतीक है।

### रक्षाबंधन स्नेह मिलन समारोह में भाजपा जिलाध्यक्ष चौहान को बहनों ने बांधा रक्षा सूत्र

**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने आत्मिक शांति एवं सद्भाव के पावन स्थल प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शाखा टोंक द्वारा आयोजित रक्षाबंधन स्नेह मिलन समारोह में बहनों ने रक्षा सूत्र का बंधन कर सुरक्षा एवं आध्यात्मिक शांति का शुभ संकल्प दिया। भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने कहा कि ब्रह्मकुमारी बहनों की सेवा, संस्कार एवं समाज में सकारात्मक ऊर्जा फैलाने का प्रयास वाकई सराहनीय एवं वंदनीय है।

### हर घर तिरंगा साइकिल रैली कल

**भुसावर (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार स्वंतत्रता दिवस के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा अभियान के तहत 15 अगस्त तक उपखंड स्तर पर विभिन्न देशभक्तिपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। उपखंड अधिकारी राधेश्याम मीणा ने बताया कि कार्यक्रमों में 11 अगस्त 2025 को मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी की अगवाई में समस्त राजकीय एवं निजी विद्यालय में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा 12 अगस्त 2025 को साइकिल रैली का श्याम 5:00 बजे आर्य महिला विद्यापीठ से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भुसावर तक किया जाएगा।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रदीप लोढ़ा द्वारा एफ बी-3, करतारपुरा इंडस्ट्रियल एरिया रोड नंबर-4, जयपुर से मुद्रित एवं जी 1, एफ ब्लॉक गणपति एनक्लेव अजमेर रोड जयपुर से प्रकाशित। फोन (0141) 2220403, 2220405,2220060,8824399949-59 संपादक - प्रदीप लोढ़ा, प्रबंध संपादक - वैभव लोढ़ा, जोधपुर कार्यालय -902, तीसरी ई रोड, सरदारपुरा, जोधपुर। फोन 2433621, अजमेर कार्यालय- पीली कोठी, जयपुर गोल्डन, जयपुर रोड, अजमेर।

## सम्पादकीय...

### चिंताजनक हालात



प्रदेश में बढ़ते अपराध चिंता जनक है जिस तेजी से अपराधों का ग्राफ़ बढ़ रहा है उसे देखकर लग रहा है कि राजस्थान जल्दी ही अपराधों की सूची में बिहार उत्तर प्रदेश की श्रेणी में आ जाएगा। प्रदेश में बलात्कार की लगातार बढ़ रहे मामले इस बात का संकेत दे रहे हैं कि प्रदेश में पुलिसिंग बेहतर नहीं रही है वहीं अपराधियों में पुलिस का खौफ भी कम हो गया है। भारतीय जनता पार्टी की मौजूदा सरकार जिन नारों के ऊपर सत्ता में आई थी उनमें से एक नारा अपराधों के खिलाफ भी था लेकिन इसके उलट भाजपा राज में अपराधों में बहताशा वृद्धि हो रही है।

इस वर्ष की पहली छ माही में बालिक और नाबालिक बच्चियों के साथ सामूहिक बलात्कार की घटनाएं घटी है इनमें से 6 बच्चियों की तो हत्या की गई, बलात्कार के अन्य 649 मामले भी इस अवधि के दौरान दर्ज किए गए हैं, बच्चियों से छेड़छाड़ के 768 मामले दर्ज हुए हैं। प्रदेश में जिस तरह से सामूहिक बलात्कार और बलात्कार के मामले बढे हैं उनको देखते हुए माना जा रहा है कि कांग्रेस विपक्ष की भूमिका निभाने में असफल साबित हुई है। कांग्रेस शासन में ऐसी होने वाली घटनाओं पर भाजपा आंदोलन कर देती थी परंतु कांग्रेस को इसके लिए फुर्सत नहीं है आंदोलन होने से अपराधियों पर दबाव बनता है पुलिस पर दबाव बनता है आम जनता को राहत मिलती है लेकिन जब चर्चा ही नहीं होती है तो अपराधियों के हौसले बढ़ जाते हैं। गृह विभाग मुख्यमंत्री के पास है, फिर भी अपराधियों के बढ़ते हौसले और बढ़ते अपराध दोनों ही चिंता जनक हैं।

इस अवधि में दहेज हत्या के 187 मामले दर्ज हुए आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के 36 मामले महिला उत्पीड़न दहेज वाले 6192 मामले छेड़छाड़ के 547 मामले अप्रैल के 28 से 31 मामले तथा अन्य महिला अपराध के 1969 मामले दर्ज किए गए हैं। छोटी बच्चियों के साथ हो रहे सामूहिक बलात्कार और बलात्कार के मामले समाज में चिंता बढाने वाले हैं, अपराधों पर अंकुश लगने के लिए अपराधियों पर शिकंजा कस ने की जरूरत है वही शराब की दुकान सही वक्त पर खुलने और बंद होने की भी जरूरत है क्योंकि शराब पीने के बाद अपराध की संख्या बढ़ती है।

वैभव लोढ़ा...

## इतिहास में आज

1908: क्रांतिकारी खुदीराम बोस को फांसी दी गई।
1961: दादर नगर हवेली का भारत में विलय और इसे केंद्रशासित प्रदेश बनाया गया।
1984: तत्कालीन सोवियत रूस ने भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।
2007: मोहम्मद हामिद अंसारी में भारत के 13वें उपराष्ट्रपति बने

-धर्म चंद मेहता

## क्रॉस फायर

❑ एयर फोर्स चीफ ने कहा ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के पांच जेट गिराए गए।
◆ गिरते तो भारत में पाकिस्तान में कहां गिर गए।

❑ कांग्रेस नेता जयराम रमेश बोले ऑपरेशन सिंदूर अचानक क्यों रोका गया।
◆ यह तो ट्रंप से पूछो।

❑ कांग्रेस नेता सिंघवी बोले राहुल के आरोपों पर हलफ नामा की मांग करना हास्यास्पद।
◆ इतनी बात सार्वजनिक करने के बाद हलफनाने की क्या जरूरत।

❑ शरद पवार बोले चुनाव से पहले दो लोगों ने 160 सीटे जीताने का दावा किया था।
◆ अगली बार समय पर सौदा कर लेना।

❑ कपिल सिब्बल बोले जगदीप धनखड़ लापता है मुझे उनकी चिंता है।
◆ चिंता तो पूरे देश को लग गई है।

❑ कोलकाता रेप कांड के 1 साल होने पर भाजपा का प्रदर्शन।
◆ खुद के राज में रोज बलात्कार हो रहे हैं पता नहीं वह कौन सा स्पेशल बलात्कार था।

❑ पेपर लीक में पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत का पी एस ओ गिरफ्तार।
◆ गहलोत की मदद करते हैं तो बिना पैसे मिलता और इंटरव्यू में पास भी हो जाता।

.............अंजू लोढ़ा

## आज का राशिफल

### सोमवार 11 अगस्त 2025

**मेष राशि:** आज का दिन महत्वाकांक्षी प्रकृति वालों के लिए शुभ फलदायक रहेगा। घरेलू जीवन को लेकर मन के भीतर उथल-पुथल रह सकती है। उत्तरार्द्ध में तनाव और बढ़ सकता है।

**वृषभ राशि:** आज कार्यक्षेत्र में अधिकारी से या व्यवसाय क्षेत्र में व्यापारी से अनबन हो सकती है। खर्चे कम होने से आप मानसिक शांति का अनुभव करेंगे।

**मिथुन राशि:** धार्मिक कार्यों के प्रति आपकी रुचि बढ़ेगी। साथ ही धन संचय के मामले में सफलता मिलेगी। मां के स्वास्थ्य का ख़याल रखें।

**कर्क राशि:** जीवनसाथी एवं व्यापार में साझीदारों का सहयोग मिलेगा। सद्कार्यों में रुचि बनी रहेगी। आज के दिन खान-पान का खास ख़याल रखें ।

**सिंह राशि:** आज का दिन आपके लिए काफी सुखद साबित होगा। आज थोड़े से ही प्रयास से आपको अपार सफलता मिलेगी। साझेदारी में किया व्यापार फायदा पहुंचाएगा।

**कन्या राशि:** आज आपको व्यवसाय में अधिक लाभ प्राप्त होगा। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी और उत्साह से काम करने पर सफलता जरूर मिलेगी।

**तुला राशि:** आज आपको कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। लेकिन धैर्य बनाए रखें, अंतत सफलता आपको ही मिलेगी। व्यावसायिक प्रयास फलीभूत होंगे।

**वृश्चिक राशि:** आज के दिन कोई भी काम करते समय मन को शांत रखें। इससे आपको लाभ मिलेगा। धन लाभ व बचत के अच्छे योग हैं।

**धनु राशि:** घरेलू मामले में कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। माता के स्वास्थ्य में कमजोरी आ सकती है। परिवार में आपसी तालमेल एवं सौहार्द की कमी होगी।

**मकर राशि:** आज अधूरे कार्य पूरे करने का योग है। प्रयास करें आपको सफलता जरूर मिलेगी। गलत संगति और नशे की लत से दूर रहें।

**कुम्भ राशि:** आज आपके सामाजिक मान-सम्मान की वृद्धि होगी। कार्य व व्यापार में लाभ के अवसर रहेंगे। किसी अनुभवी व्यक्ति के साथ व्यावसायिक योग्यताओं को निखारने का अवसर प्राप्त होगा।

**मीन राशि:** व्यावसायिक गतिविधियों में व्यस्त रहेंगे। संतान पक्ष के वैवाहिक प्रयासों को सफलता मिलेगी। माता के स्वास्थ्य के कारण कुछ चिंता रहेगी।



राजेन्द्र गुप्ता
ज्योतिषी और हस्तरेखाविद, मो. 9611312076

नोट- अगर आप अपना भविष्य जानना चाहते हैं तो दिए गए मोबाइल नंबर पर कॉल करके या इसी व्हाट्स एप नम्बर पर मैसेज भेजकर पहले शर्तें जान लेवें, इसी के बाद अपनी बर्थ डिटेल और हैंडप्रिंट्स भेजें।

# जैव विविधता और इंसान की सांसों में ज़हर घोल रहे कबूतर



डॉ.हरीश शिवनानी

देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में गत सप्ताह पुलिस में एक अनूठा मामला दर्ज किया गया है जो संभवत: देश का पहला ऐसा मामला होगा। मुंबई में एक व्यक्ति के विरुद्ध कबूतरों को दाना डालने के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई और 142 लोगों पर 68,700 रुपए का जुर्माना लगाया गया। मामला बृहतमुम्बई म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन (बीएमसी) से लेकर उच्च न्यायालय तक पहुंच कर देश भर में चर्चित हो गया। बीएमसी ने कबूतरों को मानव-स्वास्थ्य के लिए हानिकारक बताते हुए शहर के कबूतरखानों को बंद करने और खुले चौक वाले स्थानों पर तिरपाल लगाने के आदेश दिए हैं।

इससे देश के पक्षी प्रेमियों, धार्मिक-सामाजिक संगठनों में इस बात को लेकर रोष और विरोध शुरू हो गया है। इसके साथ ही जीवविज्ञानियों और चिकित्सकों में कबूतरों को लेकर बहस छिड़ गई है कि क्या कबूतर जैसा सौम्य, शांत जैसा दिखने वाला पक्षी भी मनुष्य के लिए घातक हो सकता है ? ज़वाब है हाँ, कबूतर न केवल मानव -स्वास्थ्य बल्कि पारिस्थितिकी और जैव विविधता के लिए भी घातक साबित हो रहा है। पिछले कुछ दशकों में कबूतरों की अनियंत्रित बढ़ती आबादी चिंता का विषय बन गई है। इससे न केवल अन्य छोटे पक्षियों की संख्या पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है बल्कि स्थानीय जैव विविधता में भी भारी अंतर आ रहा है। कबूतर कई प्रकार के वायरस का भी संवहन करते हैं जो अस्थमा व साँस की बीमारियों से प्रभावित लोगों के लिए काफी ख़तरनाक, ज़हरीले साबित हो रहे हैं। एक मादा कबूतर वर्ष भर में 48 बच्चों को जन्म दे सकती है और एक कबूतर एक वर्ष में औसतन 12 किलोग्राम बीट उत्सर्जित करता है जो अत्यधिक अम्लीय तथा ज़हरीली होती है। सूखने के बाद यह हवा में धूल के साथ मिलकर आसानी से प्रसारित होती है। भारत के हर गांव,कस्बे,शहर में अनेक जगहों पर रोजाना खूब दाना डाला जाता है। अब यह परंपरा घातक हो सकती है।

अमेरिका के जैव विज्ञानी और पक्षी विशेषज्ञ रॉबर्ट ए. पियर्स की शोध रिपोर्ट है कि कबूतरों के पंखों की फड़फड़ाहट व इनकी बीट में पाए जाने वाले सूक्ष्म जीवाणु और कीटाणु, कवक, खांसी, जुकाम, अस्थमा और फेफड़ों में संक्रमण सहित अनेक बीमारियों के कारण बन सकते हैं। शोध में कबूतर के बीट व पंखों में 20 से अधिक पैथोजेनिक बैक्टीरिया और फंगस पाए गए। कबूतरों की बीट लंबे समय तक जमा रहने दी जाए, तो हिस्टोप्लास्मोसिस रोग उत्पन्न कर सकती है, जो मानव श्वसन तंत्र को गम्भीर रूप से प्रभावित करता है। कबूतर प्रत्यक्ष रूप से स्वयं ही बीमारी नहीं फैलाते बल्कि वे अन्य पक्षियों में बीमारी के बैक्टीरिया संचारित कर उनके माध्यम से भी इंसानों में प्रसारित करते हैं। मसलन, एक बीमारी है- सिटाकोसिस। यह रोग कबूतरों से विभिन्न पक्षियों की कई अलग-अलग प्रजातियों को प्रभावित कर सकता है। संचरण करते करते संक्रमित पक्षी श्वसन स्रावों और मल के माध्यम से बैक्टीरिया छोड़ते हैं। जब ये स्राव और मल सूख जाते हैं, तो धूल बनकर हवा में फैल जाती है और साँस के ज़रिए मानव श्वसन तंत्र में प्रवेश कर जाती है। यह श्वसन रोग पक्षियों द्वारा छोड़े गए क्लैमाइडिया सिटासी बैक्टीरिया से होता है। इसे 'तोता बुखार' भी कहा जाता है। पिछले 7-8 वर्षों में ऐसी बीमारियों के मामले पांच गुना बढ़ चुके हैं। पक्षियों के अलावा कबूतरों के बाहरी परजीवियों में घुन, पिस्सू, किलनी और कीड़े शामिल हैं जो परोक्ष रूप में घातक बीमारियों के संचरण में सहायक बनते हैं। जीव-पक्षियों,खेतों के लिए भी ख़तरनाक मानव-स्वास्थ्य के अलावा कबूतर पारिस्थितिकी और जैव विविधता के लिए ख़तरनाक साबित हो रहे हैं। कबूतर बड़ी मात्रा में बीज और अन्य खाद्य संसाधनों का उपभोग करते हैं, जो अन्य पक्षियों और छोटे जीवों के लिए भोजन की कमी का कारण बनता है। वे घोंसले बनाने की जगह के लिए भी अन्य स्थानीय पक्षियों (जैसे गौरैया, मैना आदि) के साथ प्रतिस्पर्धा करते हैं और छोटे पक्षियों जैसे गोरैया, तोते व अन्य पक्षियों का भोजन भी चट कर जाते हैं; जिससे इन अन्य पक्षियों की संख्या में बेहद कमी आई है, छोटी चिड़िया ( गौरेया), जो कीटों का भक्षण करके कृषि में सहायक होती थी, आज विलुप्त प्राय: है तथा कबूतरों के बचे दाने से आकर्षित होकर चूहों की संख्या में वृद्धि भी कृषि के लिए हानिकारक साबित हो रही है। जलाशयों के निकट इनकी उपस्थिति, पंखों से गंदगी, बीट निष्कासन छोटी मछलियों व अन्य जलीय जीवों के लिए भी ज़हरीली साबित होती है। उनकी अम्लीय बीट मिट्टी की उर्वरता को प्रभावित लेती है। यह पौधों की वृद्धि को भी नुकसान पहुंचाती है। यह समस्या भारत की ही नहीं, पूरे विश्व की है। ऑस्ट्रिया के वियना में कबूतरों को दाना डालने पर 36 यूरो जुर्माना लगता है। स्पेन के कई शहरों में ओविस्टोप नामक ड्रग का प्रयोग इनके दाने में मिलाकर किया जाता है जो एक प्रकार का गर्भ निरोधक है। सैन फ्रांसिस्को के अलावा लन्दन के मशहूर ट्राफलगर स्क्वायर पर कबूतरों को दाना डालने पर प्रतिबन्ध है। इटली के वेनिस शहर में सेंट मार्क स्क्वायर पर दाना बेचने वालों पर कठोर जुर्माने का प्रावधान है।ऑस्ट्रेलिया, अमरीका, न्यूजीलैंड, कनाडा, जर्मनी जैसे देशों के महानगरों में इन्हें पालना प्रतिबंधित है। भारत में भी इस प्रकार के नियमों की सख्त आवश्यकता है ताकि समय रहते घातक बीमारियों तथा अन्य पक्षियों की संख्या में आ रही गिरावट को रोककर जैव विविधता का संतुलन बनाया जा सके।

**इस लेख में विचार लेखक के है समाचार पत्र का इससे कोई सरोकार नहीं -सम्पादक**

## 11 अगस्त खुदीराम बोस के शहादत दिवस पर विशेष आलेख

# खुदीराम की मौत से पहले की प्रसन्नता और निर्भीकता ने अंग्रेजी शासन को झकझोर दिया था



सुनील कुमार महला

भारत की स्वतंत्रता के लिए अपनी पूरी जिंदगी समर्पित करने वाले, बहुत ही बेबाक, अदम्य साहसी, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के वीर नायक, भारत के सबसे कम उम्र के क्रांतिकारियों में से एक, तथा बंगाल प्रेसीडेंसी( वर्तमान में पश्चिम बंगाल) के एक भारतीय राष्ट्रवादी खुदीराम बोस को 1908 में एक ब्रिटिश मजिस्ट्रेट डगलस किंग्सफोर्ड की हत्या के प्रयास के आरोप में मुज्जफरपुर की एक जेल में फांसी दे दी गई थी। पाठकों को बताता चलूं कि आप भारत माता के वह वीर सपूत थे, जिनको मात्र 18 साल, 8 महीने और 8 दिन की बहुत ही छोटी सी उम्र में ही अंग्रेजों द्वारा फांसी दे दी गई थी। पाठकों को बताता चलूं कि कुछ इतिहासकार आपको देश के लिए फांसी पर चढ़ने वाला सबसे कम उम्र का क्रांतिकारी देशभक्त मानते हैं। बहरहाल, यहां पाठकों को बताता चलूं कि आपका जन्म बंगाल में मिदनापुर के हबीबपुर गांव में 3 दिसंबर 1889 को त्रैलोक्यनाथ बोस के यहां हुआ था। आपकी माताजी का नाम लक्ष्मीप्रिया देवी था। आपके, आपका नाम %खुदीराम% नाम पड़ने की यदि हम यहां पर बात करें तो, आपके जन्म से पहले आपके दो भाइयों की बीमारी की चलते मृत्यु हो जाने के कारण आपके डरे हुए माता-पिता ने अपने तीसरे बेटे की जान बचाने के लिए एक टोटका अपनाया था, जिसमें बड़ी बहन ने चावल के बदले आपको( खुदीराम को) खरीद लिया। वैसे भी बंगाल में चावल को %खुदी% कहा जाता था, यही वजह रही कि आपका नाम खुदीराम पड़ गया। आप धोती पहनते थे। जब आप बहुत छोटे थे, तभी आपके माता-पिता का निधन हो गया था और आपकी बड़ी बहन ने आपका लालन-पालन किया था। मैट्रिक की परीक्षा से पहले ही 9 वीं कक्षा के बाद ही आपने स्कूल छोड़ दिया था।

कहते हैं कि स्कूल के दिनों से ही आप अंग्रेजों के खिलाफ विभिन्न राजनीतिक गतिविधियों में हिस्सा लेने लग गए थे और अनेक जलसों, जुलूसों में शामिल होकर अंग्रेजी साम्राज्यवाद के खिलाफ नारे लगाते थे। आप %रिवॉल्यूशनरी पार्टी% के सदस्य बने और %वंदे मातरम् % पर्चे बांटने में भी आपने एक बड़ी भूमिका निभाई। उल्लेखनीय है कि 1906 में मिदनापुर में एक मेले का आयोजन किया गया था ।उस समय सत्येंद्रनाथ बोस ने %वन्दे मातरम् %शीर्षक से अंग्रेज़ी शासन का विरोध करते हुए एक पर्चा छपवाया था और खुदीराम बोस को मेले में इस पर्चे के वितरण की ज़िम्मेदारी सौंपी गई थी। यहां यह भी गौरतलब है कि वर्ष 1905 में बंगाल का विभाजन होने के बाद खुदीराम बोस ने सत?येंद्रनाथ बोस के नेतृत्व में अपने क्रांतिकारी जीवन की शुरुआत की थी ।उपलब्ध जानकारी के अनुसार 1905 में बंगाल विभाजन( 19 जुलाई, 1905 को लॉर्ड कर्ज़न द्वारा विभाजन) के विरोध में चलाए गए आंदोलन में आपने बढ़-चढ़कर भाग लिया था। कहते हैं कि उस समय बंगाल ही नहीं पूरे भारत के लोगों के मन में अंग्रेज़ों के ख़िलाफ़ आक्रोश भड़क उठा था और हर जगह विरोध मार्च, विदेशी सामान के बहिष्कार और अख़बारों में अंग्रेज़ों के ख़िलाफ़ अखबारों में जैसे लेखों की एक तरह से बाढ़ सी आ गई थी। जानकारी के अनुसार उसी ज़माने में स्वामी विवेकानंद के भाई भूपेंद्रनाथ दत्त ने %जुगाँतर% अख़बार में एक लेख लिखा, जिसे सरकार ने राजद्रोह माना। कलकत्ता प्रेसिडेंसी के मजिस्ट्रेट डगलस किंग्सफ़ोर्ड ने न सिर्फ़ प्रेस को ज़ब्त करने का आदेश दिया, बल्कि भूपेंद्रनाथ दत्त को ये लेख लिखने के आरोप में एक साल की कैद की सज़ा सुनाई। इस फ़ैसले ने अंग्रेज़ों के ख़िलाफ़ विद्रोह में आग में घी का काम किया। 28 फरवरी 1906 को आप( खुदीराम बोस) गिरफ्तार कर लिए गए, लेकिन आप कैद से भाग निकले और लगभग 2 महीने बाद आपको अप्रैल में फिर से गिरफ्तार कर लिया गया। बाद में, 16 मई 1906 को आपको जेल से रिहा कर दिया गया।

# खुदीराम बोस के बलिदान ने जगाई आज़ादी की अलख



बाल मुकुन्द ओझा

अगस्त का महीना देशवासियों को आज़ादी के लिए सर्वस्व न्योछावर करने वाले अनगिनत बलिदानों की याद दिलाता है। इनमें महज 18 साल का एक युवक खुदीराम बोस भी था जिसने हँसते हँसते फांसी के फंदे को चूम लिया। आज क्रांतिकारी खुदीराम बोस का बलिदान दिवस है। खुदीराम बोस सबसे कम उम्र के क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्होंने भारत में अंग्रेजी हुकूमत का विरोध किया था। वह मुज़फ़्फ़रपुर षडयंत्र में शामिल थे और 11 अगस्त, 1908 को 18 वर्ष की आयु में उन्हें फांसी दे दी गई थी। आज जिस खुली हवा में हम सांस ले रहे है वह कितने ही लोगों के बलिदान से हमें मिली है यह आज की पीढ़ी नहीं जानती। इस आजादी को प्राप्त करने के लिए कितनी ही माताओं ने अपने नौनिहालों को देश पर कुर्बान किया यह इतिहास के पन्नों में दर्ज है। आज जरुरत इस बात की है की इतिहास की यह धरोहर किताबों से बाहर आकर हमें बलिदान की गाथा बताएं। भारत की आजादी के लिए अनेक क्रांतिवीर हँसते हँसते फांसी के फंदे पर झूल गए। इनमें से एक खुदीराम बोस ने आज के रोज 11 अगस्त 1908 को देश की आजादी की खातिर फांसी को गले लगा लिया था। भारत की आजादी के लिए अपनी जान न्यौछावर करने वाले सैकड़ों साहसिक क्रांतिकारियों में एक नाम खुदीराम बोस भी है। खुदीराम बोस का जन्म 3 दिसंबर, 1889 को बंगाल में मिदनापुर जिले के हबीबपुर गांव में हुआ था। खुदीराम बोस जब बहुत छोटे थे तभी उनके माता-पिता का निधन हो गया था।

स्कूल के दिनों से ही खुदीराम बोस राजनीतिक और सार्वजनिक गतिविधियों में हिस्सा लेने लग गए थे। वे सभा और जलूसों में शामिल होते थे तथा अंग्रेजी साम्राज्यवाद के खिलाफ नारे लगाते थे। भारत को गुलामी की चंगुल से छुड़ाने के लिए बोस के भीतर इतनी ज्वाला थी कि उन्होंने 9वीं कक्षा के बाद पढ़ाई छोड़ दी थी और जंग-ए-आजादी में कूद पड़े। 6 दिसंबर 1907 को बंगाल के नारायणगढ़ रेलवे स्टेशन पर किए गए बम विस्फोट की घटना में भी बोस भी शामिल थे।

# *कृतिका नक्षत्र*



ज्योतिषि आवेश कुमार
पता-80, वॉलीबॉल ग्राउंड लेन, गायत्री नगर, अजमेर रोड, ब्यावर
मो.नं. - 9588974240 , 9588970047

वैदिक ज्योतिष में कृतिका नक्षत्र एक अत्यंत शक्तिशाली और प्रभावशाली नक्षत्र माना जाता है। यह नक्षत्र अग्नि तत्व से जुड़ा है और इसकी प्रकृति तेजस्वी, तीव्र और कर्मशील होती है। कुल 27 नक्षत्रों में यह तीसरा नक्षत्र है। इस नक्षत्र का स्वामी सूर्य तथा अग्नि देव हैं ।

### कृतिका नक्षत्र के चार चरण होते हैं

- प्रथम चरण (26-40% - 30-00% मेष)। इस राशि के स्वामी बृहस्पति होते हैं। यह चरण ऊर्जावान, साहसी और नेतृत्व करने वाला होता है। जातक में आत्मविश्वास और महत्वाकांक्षा अधिक होती है।
- द्वितीय चरण (0-00% - 3-20% वृषभ)यह चरण भौतिक सुख, रचनात्मकता और स्थिरता की ओर झुकाव देता है।
- तृतीय चरण (3-20% - 6-40% वृषभ)। इस राशि के स्वामी शुक्र होते हैं। इस चरण में व्यक्ति में कामुकता, कला और सौंदर्य के प्रति रुचि होती है।
- चतुर्थ चरण (6-40% - 10-00% वृषभ)। इस राशि के स्वामी शुक्र होते हैं। यह चरण स्थिरता, धन संचय और पारिवारिक जीवन पर ध्यान देता है।
- यह रजोगुणी जो गतिशीलता, ऊर्जा और परिवर्तन को दर्शाता है, ब्राह्मण वर्ण, ऊर्ध्वमुखी होती है।

### प्रतीक और विशेषताएँ

- प्रतीक-छुरी, अग्नि, तथा धारदार अस्त्र।
- स्वभाव -तीव्र और उग्र। निर्णय में स्पष्टता और कठोरता।
- प्रकृति-मिश्रित (राक्षस और देव दोनों), जिसके कारण इसमें तीव्रता और रचनात्मकता दोनों मौजूद हैं।
- मुख्य गुण- सत्य को स्वीकार करना और असत्य को काट देना। शुद्धि और परिवर्तन के लिए तत्पर। साहसी, क्रांतिकारी और सर्जनात्मक ऊर्जा।
- धर्म - धर्म-निष्ठ, परंतु रूढ़ियों को चुनौती देने वाला।

### इस नक्षत्र के व्यक्तित्व लक्षण

- बुद्धिमान, विश्लेषणात्मक और स्पष्ट वक्ता।
- आत्मनिर्भर और स्वतंत्र विचारधारा।
- नेतृत्वक्षमता,आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प।
- कभी-कभी कठोर या अधिक आलोचनात्मक।
- साहसी निर्णय लेने में सक्षम, परंतु कभी-कभी हठी।
- अक्सर नेतृत्व करने की प्रवृत्ति और आदेश देने की क्षमता।

### कृतिका नक्षत्र में जन्म लेने वालों के लिए उपयुक्त क्षेत्र

- राजनीति, सेना तथा पुलिस।
- चिकित्सक एवं सर्जन।
- अग्निशमन सेवा, कला और विज्ञान।
- लेखक, आलोचक और नेता।
- अध्यापन, धार्मिक कार्य व प्रशासन।
- विशेष रुचि- खाना पकाने, तकनीकी कार्य और शोध में रुचि।

### विवाह तथा प्रेम संबंध

- आमतौर पर प्रेम और भावनाओं में संतुलन की कमी हो रहती है।
- आत्मसम्मान की भावना अधिक होती है, जिससे सामंजस्य की चुनौती बनती है।
- विवाह में स्थिरता हेतु शांत स्वभाव वाले साथी का होना शुभ होता है।
- इन्हें तेज चीज़ों से सावधान रहना चाहिए जैसे झगड़ा, आग या तीव्र क्रोध।
- विवाह के लिए अनुकूल नक्षत्र- रोहिणी, मृगशिरा, हस्त, और स्वाति।

### स्वास्थ्य

- कृतिका नक्षत्र का प्रभाव सिर, आंखें और मस्तिष्क पर पड़ता है।
- इस नक्षत्र के व्यक्तियों को आंखों से संबंधित एवं सिरदर्द या माइग्रेन जैसी समस्याएं होती हैं।
- इनमें पाचन तंत्र से संबंधित समस्याएं भी होती है, विशेष रूप से अम्लता।
- सलाह: इस नक्षत्र के व्यक्तियों को नियमित व्यायाम, स्वस्थ आहार और तनाव प्रबंधन जरूरी है।

कृतिका नक्षत्र का संबंध अग्नि देवता से होने के कारण यह शुद्धिकरण और यज्ञ से जुड़ा है। इस नक्षत्र में जन्मे लोग आध्यात्मिकता और धर्म की ओर आकर्षित होते हैं। कृतिका नक्षत्र का तारा समूह 'Pleiades' के नाम से जाना जाता है, जिसे सप्तऋषि या सात बहनों के रूप में भी जाना जाता है। यह नक्षत्र मातृ शक्ति और पोषण से भी जुड़ा है।

कृतिका नक्षत्र एक शक्तिशाली और परिवर्तनकारी नक्षत्र है, जो सूर्य की ऊर्जा और अग्नि की शुद्धिकारी शक्ति से संचालित होता है। इसके जातक नेतृत्व, रचनात्मकता और दृढ़ संकल्प के प्रतीक होते हैं, लेकिन उन्हें अपनी तीक्ष्णता और अधीरता पर नियंत्रण रखने की आवश्यकता होती है। उचित ज्योतिषीय उपायों और संतुलित जीवनशैली के साथ, कृतिका नक्षत्र के जातक अपने जीवन में सफलता और संतुलन प्राप्त कर सकते हैं।

## कल होगा मंगल प्रवेश आचार्य ससंघ का पुरानी टोंक में

# आचार्य वर्धमान सागर महाराज पंच कल्याणक महोत्सव की तारीख की घोषणा करेंगे

**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** दिगंबर जैन खंडेलवाल सरावगी समाज समिति टोंक के तत्वाधान में जैन समाज टोंक की ओर से परम पूज्य आचार्य गुरुवर वर्धमान सागर महाराज को पुरानी टोंक आगमन के लिए फ़ल भेंट किया गया । पूज्य गुरुवर वर्धमान सागर महाराज ने प्रवचन के दौरान अपने मुखारविंद से घोषणा कर पुरानी टोंक आने का आशीर्वाद दिया, पूज्य गुरुवर ससंघ 12 अगस्त को पुरानी टोंक आएंगे। राजेश अरिहंत ने बताया कि पूज्य गुरुवर के पुरानी टोंक आगमन के आशीर्वाद को सुनकर पुरानी टोंक निवासी श्रद्धालुओं में हर्ष की अपार लहर दौड़ गई ।समाज के अध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी, अशोक छाबड़ा, सुरेंद्र




जयपुरिया, ओमप्रकाश सोनी, देवेंद्र जैन, प्रकाश पटवारी, राकेश कासलीवाल, अजय सोगानी एवं जितेश जैन सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं महिला, पुरुषों, बच्चों ने मिलकर गुरुदेव के चरणों में फल भेंट कर जयकारे लगाये। 12 अगस्त को अचार्य संघ का अमीरगंज नसिया से मंगल विहार का जुलूस प्रातः 6 बजे रवाना होगा, जुलूस में बैंड बाजे की मधुर धुनों पर श्रावक भक्ति नृत्य करते हुए हाथों में केसरिया, पचरंगी ध्वज थामे हुए गुरुवर के जयकारे लगाते हुए हाथों में जैन धर्म के दोहे लिखे हुए तख्तियां थामे हुए भक्ति भाव के साथ चलेंगे जुलूस बड़ा कुंआ, पांच बत्ती, सुभाष बाजार, घंटाघर, बाबरों का चौक, छोटा बाजार एवं नया मंदिर मार्ग होते हुए पांच मंदिर पर भव्य मंगल प्रवेश होगा, जहां पर अचार्य संघ पांचों मंदिरों के दर्शन करेंगे, तत्पश्चात 1008 पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर नवीन जिनालय में पूज्य गुरुवर के मंगल प्रवचन होंगे एवं नवीन जिनालय में भगवान विराजमान करने हेतु भव्य पंच कल्याणक महोत्सव की तारीख की घोषणा गुरुदेव के मुखारविंद से होगी । इस कार्यक्रम के लिए संपूर्ण पांच मंदिर परिसर को खूबसूरत फ्लावर डेकोरेशन एवं फ्लेक्स बैनर से सजाया गया है।

## बीकानेर के नरेश गहलोत बने आरसीए जूनियर चयन समिति के चेयरमैन

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (आरसीए) की एड-हॉक कमेटी ने हाल ही में विभिन्न वर्गों की नई चयन समितियों का गठन किया है। इसमें बीकानेर के लिए गर्व का क्षण आया, जब जिले के पूर्व रणजी खिलाड़ी नरेश गहलोत को आरसीए जूनियर चयन समिति का चेयरमैन नियुक्त किया गया। बीकानेर जिला क्रिकेट संघ के सचिव रतन सिंह ने बताया कि नरेश गहलोत की नियुक्ति जिले के क्रिकेट प्रेमियों के लिए गौरव का विषय है। उनके चयन पर संघ के पदाधिकारियों राजेन्द्र झांब, कैलाश चौधरी, अफरोज खान, रफीक भाटी, शंकर सेवग, परवेश भारद्वाज, अनिल सिडना, कौशल देवड़ा, महेन्द्र पुरोहित, प्रकाश चुरा सहित कई क्रिकेट प्रेमियों ने बधाई दी। नरेश गहलोत की इस उपलब्धि से बीकानेर में क्रिकेट प्रतिभाओं को नई दिशा मिलने की उम्मीद है।

## गौसेवार्थ भजन संध का किया पोस्टर विमोचन

**सीकर (हुक्मनामा समाचार)।** श्याम चौक मित्र मंडल के द्वारा रविवार को गोपीनाथ गौ सेवा समिति के तत्वाधान में पोस्टर विमोचन का कार्यक्रम हुआ समिति की सरक्षक गो सेविका ज्योति तनवानी ने बताया कि 23 अगस्त को होने वाली गो सेवार्थ भजन संध्या के कार्यक्रम का पोस्टर विमोचन हुआ एवं भजन संध्या के कार्यक्रम में पधारने का निमंत्रण दिया आप सभी के द्वारा कार्यक्रम में सहयोग राशि एकत्रित कर समिति को दी गई और समिति के अध्यक्ष शैलेष जैन ने श्याम चौक मित्र मंडल के सभी सदस्यों को दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया इस कार्य में सुमित्रा शर्मा,वैष्णवी वर्मा, समिति के कर्मठ कार्यकर्ता योगेश अग्रवाल, निराली अग्रवाल,बाबूलाल शर्मा,जीतेन्द्र जांगिड़,जुगल जांगिड़,ओम प्रकाश जांगिड़, सुमित कुमावत अमित जांगिड़ बाबूलाल जांगिड़,कमल जी जांगिड़,सुनील भातरा,लाल जांगिड़, नीरज जी,सुरोलिया राधेश्याम जांगिड़,नंदलाल जांगिड़ मनीष शर्मा,शंकरलाल दादलिका ,राजदीप संगम साउंड, महावीर जांगिड़,जयप्रकाश, जांगिड़ कुंदन शर्मा,सदस्य उपस्थित रहे

## अभिषेक तनेजा अध्यक्ष और पायल सैनी सचिव बने

**अलवर (हुक्मनामा समाचार)।** जिला जूडो संघ, अलवर के चुनाव रानी लक्ष्मीबाई मार्शल आर्ट्स एकेडमी में संपन्न हुए। चुनाव अधिकारी गोपाल शर्मा की उपस्थित में जिला ओलंपिक संघ की तरफ से विक्रम सिंह शर्मा, राजस्थान स्टेट जूडो संघ की तरफ से ऑब्जर्वर उम्मेद सिंह की देखरेख में चुनाव संपन्न हुए। इस दौरान सर्वसम्मति से अभिषेक तनेजा को जिला अध्यक्ष एवं पायल सैनी को जिला सचिव चुना गया। इसी प्रकार वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोपी चंद पालीवाल, सुनील बिलखा, विक्रम शर्मा तथा प्रदीप सिंह को जिला कोषाध्यक्ष और संयुक्त सचिव रेणु मिश्रा, दीपक सैनी, जिला कार्यकारिणी सदस्य गिर्राज यादव, अक्षय कुमार, देवेंद्र यादव, कुलदीप शर्मा, लोचन वर्मा को निर्वाचित किया गया हैं। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अभिषेक तनेजा ने बताया कि ब्लॉक कार्यकारिणी के चुनाव अगस्त माह में कराए जाएंगे, जिसमें ब्लॉक जूडो की कार्यकारिणी बनाई जाएगी। जिले में जुड़ो खेल का विकास करने के लिए सभी सदस्य प्रतिबद्ध रहेंगे ।

# दौसा के रूगली गांव में विधायक दीनदयाल बैरवा व सभापति कल्पना जैमन ने किया पौधारोपण

**दौसा (हुक्मनामा समाचार)।** प्रदेश भर में इस बार 10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है और उसको लेकर सरकारी मशीनरी सहित आमजन भी इस हरियालो राजस्थान के तहत अधिक से अधिक पौधे लगाने में लगा हुआ है। इसी क्रम में रविवार को दौसा के रुगली गांव में हरियालो राजस्थान के तहत दौसा विधायक दीनदयाल बैरवा ,नगर परिषद की सभापति कल्पना जैमन ने पौधारोपण कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर आयोजकों के द्वारा दौसा विधायक दीनदयाल बेरवा और सभापति कल्पना जैमन पार्षद लेखराज गुर्जर और समाजसेवी नरेंद्र जैमन का साफा व माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर आए अतिथियों ने बड़ी संख्या में पौधारोपण किया। इस अवसर पर विधायक दीनदयाल बैरवा ने कहा कि इस मौसम में हमें अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाने



चाहिए ताकि हमारा दौसा हरा भरा रहे। लेकिन अपने अपने लगाये पेड़ पौधा की देखभाल भी करनी होगी। सभापति कल्पना जैमन ने कहा कि हरियालो राजस्थान और ग्रीनफूल दौसा के तहत अधिक से अधिक इस बरसात के मौसम में पेड़ पौधे लगाने चाहिए ताकि हमारा शहर ग्रीनफूल रहे हरा भरा रहे। जिससे हम स्वस्थ रहें और आमजन से में अपील भी करती हूं कि अधिक से अधिक पौधारोपण किया जाए ताकि हमारा दौसा हरा भरा रहे उन्होंने कहा कि 11 अगस्त को उनके जन्मदिन है जन्मदिन पर भी अधिक से अधिक पौधारोपण किया जाएगा उनका जन्मदिन प्रकृति को समर्पित करते पौधारोपण कर जन्मदिन मनाया जायेगा।

## विदेशी उत्पादों का बहिष्कार कर स्वदेशी वस्तुओं को अपनाएंः स्वदेशी जागरण मंच



**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** स्वदेशी जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने रविवार को शहर में भव्य स्वदेशी रैली निकालकर विदेशी कंपनियों के खिलाफ जोरदार हुंकार भरी। रैली का शुभारंभ लालजी होटल (स्टेशन रोड) के सामने से हुआ, जो कोटगेट, महात्मा गांधी रोड और मुख्य बाजारों से होती हुई रतन बिहारी पार्क में सम्पन्न हुई। रैली के दौरान कार्यकर्ताओं ने विदेशी कंपनियों के खिलाफ जबरदस्त नारेबाजी की और आमजन से अपील की कि वे विदेशी उत्पादों का बहिष्कार कर स्वदेशी वस्तुओं को अपनाएं। 卐विदेशी छोड़ो - स्वदेशी अपनाओ卐, 卐देशी वस्तु - देश का गौरव卐 जैसे नारे पूरे शहर में गूंजते रहे, जिससे माहौल पूरी तरह देशभक्ति से सराबोर हो गया। समापन कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग की शपथ ली और देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रान्त विचार विभाग प्रमुख अशोक जोशी, प्रान्त कोष प्रमुख परमेश अग्रवाल, विभाग संयोजक श्रवण राइका, जिला संयोजक आदित्य बिश्नोई सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जिला कार्यकारणी की बैठक का आयोजन




**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** सर्व ब्राह्मण महासभा जिला टोंक की कार्यकारणी की बैठक का आयोजन जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। प्रमुख महामंत्री ब्रजराज स्नेही ने बताया की बैठक में आगामी प्रतिभा सम्मान समारोह को लेकर विस्तार से विचार विमर्श किया गया, साथ ही संगठनात्मक विस्तार को लेकर भी चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र शर्मा ने कहा कि 2005 से लगातार महासभा की और से समाज की प्रतिभाओं का सम्मान करने का कार्य किया जा रहा है, समाज की प्रतिभाओं का सम्मान करना हमारा दायित्व है।

## 6 बार राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित आयुषी का किया अभिनंदन

**चूरू (हुक्मनामा समाचार)।** स्थानीय तेरापंथ भवन में अहमदाबाद में आचार्य महाश्रमण के सानिध्य में हुये तेरापंथ कन्या मंडल के राष्ट्रीय अधिवेशन आस्था में राष्ट्रीय स्तर पर 6 पुरस्कार प्राप्त कर चूरू का मान बढ़ाने वाली कन्या मंडल चूरू की संयोजिका आयुषी कोठारी का रविवार को साध्वी मंगलप्रभा के सान्निध्य में भव्य अभिनंदन किया गया। इस दौरान उपस्थित अतिथियों ने प्रशस्ति-पत्र व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर आयुषी का अभिनंदन किया। इस अवसर पर साध्वी मंगलप्रभा ने कहा कि आयुषी ने राष्ट्रीय स्तर पर 6 बार सम्मानित होकर न सिर्फ अपने परिवार का नाम रोशन किया है, बल्कि पूरे चूरू जिले को गौरवान्वित किया है। गौरतलब है कि कन्या मंडल के अधिवेशन में सबसे ज्यादा पुरस्कार चूरू को प्राप्त हुए हैं। यह चूरू के लिए सौभाग्य का विषय है। इस अवसर पर तेरापंथ सभा के अध्यक्ष छतरसिंह डागा, कन्या मंडल प्रभारी उर्मिला बांठिया, प्रेक्षा वाहिनी संयोजिका मुन्नी देवी डागा ने आयुषी को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सभा की ओर से वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिलीप राज दुगड़, कोषाध्यक्ष राजकुमार कोठारी, सह मंत्री प्रकाश कोठारी, संगठन मंत्री राकेश कोठारी, कार्यकारिणी सदस्य जयसिंह बैद, हीरालाल बांठिया, पूर्व पार्षद ताराचन्द बांठिया, प्रताप सुराणा व ललित पारख ने प्रतीक चिन्ह् व अभिनंदन पत्र प्रदान कर आयुषी को सम्मानित किया।

# मुस्लिम प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजन का निर्णय, आवेदन 16 अगस्त से

**सीकर (हुक्मनामा समाचार)।** माइनोरिटी अफेयर्स एसोसिएशन सीकर की बैठक जनाब मौलाना मोहम्मद यूनुस कासमी साहब की अध्यक्षता में मदरसा निदा ए इस्लाम में आयोजित हुई जिसमें सातवां जिला स्तरीय मुस्लिम प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित करने सहित कई निर्णय हुए। संस्था महासचिव निसार अहमद जाटू ने बताया कि संस्था की ओर से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी समाज के होनहारों की हौसला अफजाई के लिए जिला स्तरीय सातवां भव्य मुस्लिम प्रतिभा सम्मान समारोह (एम. ए. जी. टेलेंट अवॉर्ड 2025) के लिए आवेदन 16 अगस्त से आमंत्रित करने का निर्णय हुआ। समारोह में विभिन्न केटेगरी - स्कूल बोर्ड की कक्षा 12, 10 वीं , नीट व आई आई टी चयनित का सरकारी कॉलेज में प्रवेश, सरकारी सेवा में चयनित, दीनी तालीम और राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के होनहारों को एम ए जी टेलेंट अवॉर्ड से नवाजा जाएगा। समारोह के सफल आयोजन हेतु विभिन्न कमेटियों का गठन कर पदाधिकारियों और सदस्यों को जिम्मेदारी दी गई ।बैठक में आय - व्यय विवरण का अनुमोदन, मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान में सहयोग करने और नए सदस्य बनाने, निष्क्रिय सदस्यों की जगह सक्रिय सदस्यों को कार्यकारणी समिति में शामिल कर पुनर्गठन और विस्तार करने के निर्णय हुए ।बैठक के आखिर में सदर मोहम्मद युनूस साहब के हाल ही में इंतकाल फरमा चुके मरहूम वालिद साहब के लिए दुआ ए मग़फिरत की गई। बैठक में संस्था पदाधिकारी और सदस्य मौलाना मोहम्मद यूनुस कासमी, एडवोकेट नसीर अहमद खान, निसार अहमद जाटू, हाजी अहसान अली गौड़, एडवोकेट अताउल्लाह, हाजी मोहम्मद अली बड़गुजर, अब्दुल जब्बार खोखर, हाफिज शकील अहमद, अब्दुल सत्तार पठान सबलपुरा, मौलाना केशर आलम, एडवोकेट अनवर अली भाटी, सय्यद मकसूद अली, लियाकत अली बेहलीम, मौलाना जमशेद अली , अब्दुल कय्यूम, मोहम्मद रफीक मास्टर, मोहम्मद जमील चौहान, मोहम्मद इम्तियाज बिसायती, हेडमास्टर मोहम्मद खालिद , मोहम्मद इमरान, मौलाना मोहम्मद इस्लाम उपस्थित थे।

## स्वामी देवव्रत पधारे बयाना,नौजवानों को देंगे प्रशिक्षण

**बयाना (हुक्मनामा समाचार)।** आर्यसमाज की युवा इकाई आर्यवीदल के अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष, धनुर्वेदज्ञ, व्यायामाचार्य, स्वामी देवव्रत जी 10 दिवसीय प्रवास के लिए बयाना पधारे। आर्यवीदल के भरतपुर संभाग के संचालक परमसुख आर्य ने पुष्प माला से स्वामी देवव्रत जी का माल्यार्पण कर स्वागत किया। आर्यसमाज के प्रधान आचार्य रविशंकर आर्य ने स्वामी जी पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। स्वामी जी आर्यसमाज बयाना में युवक, युवतियों को, सूर्य नमस्कार, भूमि नमस्कार, कराटे लाठी आदि भारतीय व्यायामों का प्रशिक्षण देंगे।

## दौसा में पंचकुईया बावड़ी में डूबने से युवक की हुई मौत



**दौसा (हुक्मनामा समाचार)।** दौसा कोतवाली थाना क्षेत्र के दौसा खुर्द में पंचकुईया की बावड़ी में सुबह करीब 11ः00 बजे नहाने गए एक युवक की डूबने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस व सिविल डिफेंस की टीम ने2 घंटे की मशक्कत के बाद युवक को बावड़ी से निकाला गया और जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद युवक को मृत्यु घोषित कर दिया। कोतवाल सुधीर कुमार उपाध्याय ने बताया कि सुबह नहाने के लिए महेश शर्मा उर्फ रिंकू शर्मा निवासी हरियाणा मोहल्ला दौसा उम्र 25 साल नहाने के लिए बावड़ी में गया था और काफी देर के बाद बाहर नहीं आया। बाहर पड़े कपड़ों के वजह से आसपास के लोगों ने डूबने का कयास लगाया पूछताछ पर उन्हें डूबने का शक होने पर लोगों ने पुलिस को और सिविल डिफेंस को सूचना दी। स्थानीय लोगों की सहायता से सिविल डिफेंस और पुलिस ने युवक को बाहर निकाल और एंबुलेंस के सहायता से दोसा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहाँ चिकित्सकों ने जांच के बाद युवक महेश शर्मा को मृत्यु घोषित कर दिया। जिसके शव को जिला अस्पताल के मोर्चेरी में रखवा दिया। जहां पंचनामे की कार्रवाई के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया। हालांकि मृतक के परिजन युवक की मौत का कारण पानी में डूबना बता रहे हैं। फिर भी पुलिस मृतक महेश के मौत के कारणों की जांच में जुट गई है।

## एनडी कादरी समाजसेवी, आरटीआई कार्यकर्ता और गौसेवा के पक्षधर : इकबाल खान

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** इकबाल खान बीकानेर ने रविवार को बताया कि एनडी कादरी एक समर्पित सामाजिक कार्यकर्ता और आरटीआई सक्रिय हैं, जिनकी पहचान सामाजिक न्याय, पारंपरिक संस्कृति और समुदायों के बीच समरसता की वकालत करने वाले नेताओं में होती है।



वे मौजूदा मुस्लिम महासभा के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष हैं और गौसेवा एवं गंगाजमनी तहजीब में गहरा विश्वास रखते हैं। उनकी सामाजिक प्रतिबद्धता का केन्द्र क्षेत्र धार्मिक सहिष्णुता, पशु संरक्षण और सामाजिक कल्याण है।एनडी कादरी का सामाजिक कार्य बहुआयामी रहा है। वे आरटीआई (सूचना के अधिकार) के माध्यम से पारदर्शिता और जवाबदेही की जमीन पर काम करते हैं। सार्वजनिक प्रशासन और स्थानीय सरकारी तंत्र में जवाबदेही लाने के लिए उनके आरटीआई प्रयास अक्सर नीतिगत मुद्दों और जनहित से जुड़े मामलों की तह तक पहुँचने में सहायक रहे हैं। इससे नागरिकों को जानकारी मिलने और सरकारी प्रक्रियाओं में सुधार की मांग करने में मदद मिलती है। इतना ही राज्य सूचना आयोग में अपने मुकदमों की पैरवी स्वयं करते हुए शिक्षा विभाग जैसे महकमे पर दो मामलों में जुर्माना भी करवाया है।

# दौसा के डोवठावालाज का पनीर सैंपल जांच में आया सब स्टैंडर्ड

**दौसा (हुक्मनामा समाचार)।** दौसा में प्रतिष्ठित मिष्ठान भंडार डोवठावाला से पिछले दिनों लिए गए सैंपलों में एक सैंपल सब स्टैंडर्ड पाया गया है ।फूड सेफ्टी विभाग की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार दौसा के पंचायत समिति रोड पर स्थित एक मिठाई विक्रेता डोवठावाला के मिठाई बनाने के कारखाने पर से 19 जून को खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से कुछ खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए गए थे जिनमें से सैंपल सब स्टैंडर्ड पाया गया है । खाद्य सुरक्षा विभाग के फूड इंस्पेक्टर प्रकाश सैनी ने बताया कि विगत 19 जून को उच्च अधिकारियों के आदेश पर पंचायत समिति रोड पर मिठाई के कारखाने पर टीम ने करीब आधा दर्जन खाद्य सामग्री के सैंपल भरे थे । जिनको सील लगा पैक करने के बाद जांच के लिए लैब में भेजा गया था। फूड



इंस्पेक्टर प्रकाश सैनी ने बताया कि पिछले दिनों लैब से सैंपल की जांच रिपोर्ट आई है जिसमें एक खाद्य सामग्री पनीर का सैंपल सब स्टैंडर्ड पाया गया है। उन्होंने सब स्टैंडर्ड की पुष्टि करते हुए बताया कि सरकार के द्वारा किसी भी खाद्य पदार्थ को बनाने के लिए जो मानक तय किए गए हैं उनके अनुरूप नहीं मिलने पर सब स्टैंडर्ड घोषित करते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की जाती है। साथ ही उन्होंने बताया कि संबंधित फार्म ने सैंपल की जांच में सब स्टैंडर्ड पाए जाने पर उसकी आगे अपील की है। हालांकि अभी कुछ और सैंपल्स की जांच भी आना बाकी है ।जानकारी के अनुसार जैसे ही डोवठावालाज के सैंपल सब स्टैंडर्ड पाए गए तो आम जनता के साथ ही प्रशासन ने भी विभिन्न आयोजनों पर संबंधित फर्म से दूरी बना ली है। सैंपल मे गड़बड़ी के चलते प्रशासन ने भी डोवठावाला की मिठाइयों से मुंह मोड लिया और हाल ही में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में भी वितरित की गई करीब 300 किलो डोवठा मिठाई दूसरी फर्म से बनवाई थी। बता दे कि विगत 18 जून को पंचायत समिति रोड स्थित कारखाने पर उपखंड अधिकारी मूलचंद लूनिया, नगर परिषद आयुक्त कमलेश कुमार मीणा के द्वारा जांच के दौरान भारी गंदगी मिली थी और रास्ते में भी अतिक्रमण पाया गया था जिसके चलते कारखाने को नगर परिषद ने सीज करते हुए बाद में पैलेंटी भी वसूली थी । इसके बाद जैसे ही नगर परिषद की सील हटी तो नायब तहसीलदार हनुमान प्रसाद शर्मा के नेतृत्व में रसद विभाग और खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए विभिन्न सैंपल्स लिए थे जो और संबंधित फर्म के खिलाफ कड़ी कार्यवाई के संकेत दिए थे ।

## राखी की खरीदारी करने आई 18 वर्षीय युवती रहस्यमय तरीके से लापता

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** बीकानेर जिले के डूंगरगढ़ में राखी की रौनक के बीच एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। शुक्रवार शाम 18 वर्षीय युवती रहस्यमय परिस्थितियों में रानी बाजार से लापता हो गई। घटना ने पूरे इलाके में हड़कंप मचा दिया है ।रविवार को मिली जानकारी के अनुसार डूंगरगढ़ के गांव बेनीसर की रोही में ढाणी में रहने वाला युवक अपनी बहन को रक्षाबंधन की खरीददारी के लिए पिछले शुक्रवार की दोपहर को डूंगरगढ़ बाजार लाया था। शाम करीब 5 बजे दोनों रानी बाजार स्थित एक सुनार की दुकान पर चांदी का कड़िया लेने पहुंचे। दुकान में भीड़ होने के कारण युवक अंदर चला गया और बहन बाहर खड़ी रही। कुछ ही मिनट बाद जब वह बाहर आया, तो बहन वहां से गायब थी। परिवार ने तुरंत आसपास की गलियों और बाजार में तलाश शुरू की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। रात भर की खोजबीन के बाद भी युवती का पता न लगने पर शनिवार सुबह थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। मामले की जांच हैड कांस्टेबल संदीप कुमार कर रहे हैं।

## जिला कलेक्टर ने खेल गतिविधियों को लेकर करणी सिंह स्टेडियम में ली बैठक

# मल्टीपर्पज स्टेडियम के हॉल में बारिश का पानी आने व दरार मिलने पर जताई नाराजगी

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने जिले में खेलों को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों को विभिन्न खेलों की अच्छी कोचिंग मिलने को लेकर रविवार को करणी सिंह स्टेडियम में संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में जिला कलेक्टर ने जिला खेल अधिकारी से जिले में संविदा पर लगाए गए विभिन्न खेलों के प्रशिक्षकों की संख्या, सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था, खेल सामग्री की उपलब्धता, सफाई व गार्ड की व्यवस्था, स्टेडियम में रखरखाव, सुपरवाइजर लगाने, स्टेडियम में घास लगाने, इंडोर स्टेडियम को किराए पर देने को लेकर रेट बढ़ाने इत्यादि को लेकर विस्तृत समीक्षा की। जिला कलेक्टर ने इंडोर और आउटडोर स्टेडियम का किराया बहुत कम होने पर उसे तत्काल बढ़ाने के निर्देश दिए ताकि इनके रखरखाव में सहूलियत हो। **अब सभी खेल प्रशिक्षकों की लगाई जाएगी बायोमेट्रिक उपस्थिति** जिला कलेक्टर ने जिला खेल अधिकारी से विभिन्न खेलों के कोच द्वारा उपस्थिति दर्ज करने की व्यवस्था और उनके द्वारा खिलाड़ियों को ट्रेनिंग देने की संख्या के बारे में संतुष्टि पूर्वक जवाब नहीं मिलने पर कहा कि सभी कोच के लिए सुबह शाम बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज की जाएगी। जिला कलेक्टर ने नगर निगम को संबंधित खेल स्थानों पर जल्द से जल्द बायोमेट्रिक मशीन लगाने के निर्देश दिए। **करणी सिंह स्टेडियम में लगे सभी 16 सीसीटीवी कैमरे मिले बंद** जिला कलेक्टर ने करणी सिंह स्टेडियम में लगे सभी 16 सीसीटीवी बंद मिलने पर संबंधित अधिकारियों को सीसीटीवी कैमरे चालू करने और उनकी मॉनिटरिंग को लेकर एलईडी लगाने के निर्देश दिए। साथ ही स्टेडियम परिसर में बने विभिन्न कमरों के निरीक्षण के दौरान वहां गंदगी मिलने और कई कमरों पर महीनों से ताला लगा होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा। **अब राउंड द क्लॉक की जाएगी सिक्योरिटी गार्ड की व्यवस्था** बैठक में जिला खेल अधिकारी ने स्टेडियम में गार्ड की कमी की वजह से होने वाले नुकसान की जानकारी देने पर जिला कलेक्टर ने राउंड द क्लॉक पर्याप्त संख्या में गार्ड की व्यवस्था करने को लेकर नगर निगम को टेंडर करने के निर्देश दिए। **मल्टीपर्पज स्टेडियम के हॉल में बारिश का पानी आने व दरार मिलने पर जताई नाराजगी** जिला कलेक्टर ने मल्टीपर्पज स्टेडियम का जायजा लेते हुए उसमें खुले पड़े तारों, बारिश का पानी आने और दरार मिलने पर आरएसआरडीसी के अधिकारियों पर हैंडओवर करने को लेकर नाराजगी जताई। श्रीमती वृष्णि ने इसे जल्द ठीक करने के निर्देश दिए। बैठक में नगर निगम कमिश्नर मयंक मनीष, एडीएम सिटी रमेश देव, निगम उपायुक्त यशपाल आहूजा, जिला खेल अधिकारी श्रवण भाम्भू ,पीडब्ल्यूडी अधिशासी अभियंता गहलोत, सहायक आरएसआरडीसी से महेन्द्र चोपड़ा इत्यादि उपस्थित रहे।



## न्यूज विंडो

### धूमधाम से मनाया भाई-बहन के अटूट स्नेह का पर्व रक्षाबंधन



**नारायणपुर (हुक्मनामा समाचार)।** उपखण्ड क्षेत्र में भाई बहन के अटूट स्नेह का पर्व रक्षाबंधन शनिवार को हर्षोल्लास से मनाया गया। हर वर्ष की तरह सावन पूर्णिमा पर बहनों ने भाईयों की कलाई पर राखी के रूप में रक्षा सूत्र बांधकर दीर्घायु की कामना की। परम्परा का निर्वहन करते हुए भाइयों ने बहनों को उपहार भेंटकर जीवन-भर रक्षा का संकल्प लिया।

रक्षा बंधन को लेकर उपखंड क्षेत्र सहित स्थानीय पुलिस थाने में भारी उत्साह दिखा। बहन-भाई के प्यार का प्रतीक रक्षाबंधन पर हर घर में उत्साह देखने मिला। भाई कलाई पर प्रेम का सूत बांधने के लिए बहने आतुर दिखाई दी तो भाइयों खुशी-खुशी राखी बंधवाई। बहनें सैकड़ों किलोमीटर का सफर तय कर भाई को राखी बांधने पहुंचे। भाइयों ने भी बहनों के घर पहुंचने पर स्वागत किया। इससे पहले रक्षा बंधन को लेकर घरों में विशेष तैयारियां की गई थीं। राखी की त्योहार मनाने से पहले परम्परा के अनुसार लोगों स्नान कर पूजा के लिए मंदिर पहुंचे। इसके उपरांत बहनों ने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत बांधकर जन्म-जन्म तक सुख-दु:ख में साथ निभाने का वचन भाईयों से लिया। वहीं भाईयों ने भी बहनों को उपहार देकर हमेशा साथ निभाने का वादा किया। इस दौरान भाइयों ने अपनी बहनों को उपहार भेंट किए। यह पर्व सामाजिक समरसता को बढ़ावा देता है और रिश्तों को मजबूत करने और एक-दूसरे के प्रति कर्तव्यों को याद दिलाने का अवसर प्रदान करता है।

## सात समंदर पार यूरोप में भी धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन का त्योहार

# भारत-माल्टा के संबंधों के 60 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया समारोह

**दौसा (हुक्मनामा समाचार)।** धोली मीना ने भारतीय संस्कृति परिषद के तत्वावधान में माल्टा पहुंचे राजस्थानी कलाकारों महबूब ख़ान लांगा ग्रुप जिसमें महबूब ख़ान, रोशन ख़ान, इंसाफ़, मूला ख़ान, खेता ख़ान, गाजी ख़ान, रहीम ख़ान, पूजा कुमारी राठौर, लीला कालबेलिया, चनाना कालबेलिया एवं माल्टा में रह रहे राजस्थानी समुदाय के लोगों के साथ रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया। राजस्थानी कलाकारों की धोली मीना ने बेहद ख़ास अंदाज़ में मेहमान नवाजी की जिसकी सभी राजस्थानी कलाकारों ने जमकर सराहना की। कलाकारों ने बताया उनकी धोली मीना जी से मिलने की इच्छा ज़रूर थी लेकिन जो मेहमान नवाजी धोली मीना ने की उसकी उन्होंने कल्पना भी नहीं की थी। उन्होंने धोली मीना को बताया कि वो अन्य कई देशों में जाकर अपनी प्रस्तुति दे चुके हैं लेकिन माल्टा जैसा माहौल कहीं नहीं मिला। भारतीय दूतावास एवं भारतीय सांस्कृतिक परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम में ग्रुप ने छोड़ी राजस्थानी संस्कृति की छठा। भारत एवं माल्टा के राजनयिक सम्बंधों के 60 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में धोली मीना एवं ग्रुप ने दी प्रस्तुतियाँ। धोली मीना ने ग्रुप के साथ राजस्थानी लोकनृत्य की प्रस्तुति देकर राजस्थानी संस्कृति का यूरोप माल्टा में डंका बजा दिया। यह कार्यक्रम माल्टा के सैंट ज्यूलियन शहर में एक प्रमुख पाँच सितारा होटल वेस्टिन होटल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भारतीय समुदाय के साथ साथ यूरोपियन देशों के लोग, माल्टा की राष्ट्रपति माननीय मिरियम स्पिटरी डेबोनो, दस विभिन्न देशों के राजदूतों, माल्टा के सांसद, मेयर एवं अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए। सभी उपस्थित मेहमानों ने राजस्थानी लोकनृत्यों की प्रस्तुति की जमकर तारीफ़ की। बहुत सारे लोगों को धोली मीना को बताया कि जब भी वो भारत आयेंगे राजस्थान ज़रूर आएँगे। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई फिर केसरिया बालाम, तेरा ताली, राधा कृष्ण के भजन, भवाई नृत्य, घूमर धोली मीना लीला कालबेलिया पूजा राठौर और छनाना कालबेलिया द्वारा प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।



## विश्व स्तनपान सप्ताह पर सवाई माधोपुर में कार्यशाला एवं जागरूकता रैली का आयोजन



**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** विश्व स्तनपान सप्ताह के उपलक्ष्य में बंधन कोनगर संस्था एवं ब्लॉक मुख्य चिकित्सा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सवाई माधोपुर ब्लॉक में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जागरूकता रैली निकालकर की गई, जिसके कुंदेरा ब्रांच की टीम लीडर कविता वर्मा द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर बंधन कोनगर संस्था के सहायक प्रबंधक गिरीश तिवारी ने संस्था की गतिविधियों का परिचय देते हुए बताया कि संस्था, कोटक महिंद्रा बैंक के वित्तीय सहयोग से एनहांस ( श्वह्न।ह्रष्टश्व) परियोजना का क्रियान्वयन कर रही है। इस परियोजना का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं और 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य हेतु जागरूकता और सेवाएं प्रदान करना है। इसी क्रम में, अगस्त माह के दौरान संस्था के कार्मिक और स्वास्थ्य कार्यकर्ता धात्री एवं गर्भवती महिलाओं के लिए समूह चर्चा और स्वास्थ्य सभाओं का आयोजन करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएमएचओ डॉ. अनिल कुमार जैमिनी ने स्वास्थ्य सहायिकाओं एवं कार्मिकों के प्रयासों की सराहना की और स्तनपान के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। विशेष अतिथि डीपीएम ताराचंद्र ने स्तनपान के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जानकारी दी। डॉ. अभिषेक शर्मा ने धात्री महिलाओं एवं बच्चों के पोषण पर प्रकाश डाला, वहीं डॉ.अंकुर पारिख भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन



**नवलगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** नवलगढ़ क्षेत्र के ग्राम बुगाला में बावलिया बाबा की पावन जन्मभूमि बुगाला में आयोजित श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के अंतर्गत शनिवार को भव्य कलश यात्रा, कथा वाचन और निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया... इस आध्यात्मिक अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालुओं और ग्रामीणों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे पूर्व चिकित्सा मंत्री डॉ. राजकुमार शर्मा ने जब मंच से ग्रामवासियों को संबोधित किया, तो भावनाओं का अद्भुत दृश्य देखने को मिला उन्होंने अपने हृदय की बात कहते हुए कहा- मैं आपका हूँ और आपका ही रहूंगा, पूरा नवलगढ़ मेरे दिल और दिमाग में बसा है यहाँ का हर व्यक्ति मेरे लिए परिवार का सदस्य है इस आत्मीय संबोधन पर उपस्थित जनसमूह ने करतल ध्वनि से उनका स्वागत किया...डॉ. शर्मा ने कहा कि हमारी संस्कृति, हमारी परंपराएं और हमारी प्रतिभाएं - यही हमारी असली पहचान हैं इस तरह के आयोजन समाज को जोड़ते हैं, नई पीढ़ी को दिशा देते हैं और गांवों को गौरव प्रदान करते हैं उन्होंने प्रतिभावान विद्यार्थियों को मंच से सम्मानित करते हुए कहा कि ये बच्चे ही देश और समाज का उज्ज्वल भविष्य हैं... कार्यक्रम में विशेष उपस्थिति रही राजस्थानी फिल्म अभिनेता एवं निर्देशक क्षितिज कुमार जी की, जिन्होंने ग्रामीण संस्कृति और आयोजनों के महत्व पर बात की सर्व दर्शन संत अखाड़ा के राजस्थान अध्यक्ष गणेश चैतन्य जी महाराज ने कथा वाचन करते हुए श्रद्धालुओं को श्रीमद् भागवत की गहराइयों से परिचित कराया... विशिष्ट अतिथि के रूप में संतोष जी सिंघानिया (बुगाला, वर्तमान प्रवासी - गोरखपुर) ने अपने उद्बोधन में बुगाला की धार्मिक ऊर्जा और सामाजिक सौहार्द की सराहना की... इस अवसर पर आयोजित निशुल्क चिकित्सा शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों ने स्वास्थ्य परामर्श लिया... साथ ही, मंच पर गांव के होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, जिससे युवाओं में नई प्रेरणा का संचार हुआ... आयोजन समिति ने सभी आगंतुकों, संतजनों और ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया।

## नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने की जनसुनवाई

**अलवर (हुक्मनामा समाचार)।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने रविवार को मोती डूंगरी स्थित कार्यालय पर जनसुनवाई की, इस दौरान बड़ी संख्या में अपनी परिवेदनाएं लेकर पहुंचे लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए उन्हें आश्वस्त किया। जूली बोले भारतीय जनता पार्टी के राज में अलवर सहित पूरे राजस्थान की जनता में हाहाकार मचा हुआ है। उन्होंने कहा कि पानी बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए आमजन सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट कर थक गया है। बिजली की अघोषित कटौती से न केवल किसान, व्यापारी बल्कि आमजन का जीवन पूरी तरह त्रस्त है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार में मंत्री केवल उद्घाटन शिलान्यास में व्यस्त होकर मीडिया की सुर्खियां बटोर रहे हैं, जबकि धरातल पर जनता के लिए कोई काम नहीं किया जा रहा। उन्होंने कहा कि विश्व पटल पर अपनी विशेष पहचान बना चुके हैं सरिस्का को उजाड़ने की तैयारी इस सरकार के मंत्रियों ने की लेकिन सुप्रीम कोर्ट के दखल के बाद उनके अरमानों पर पानी सा फिरता नजर आया।



# खंडार विधायक जितेन्द्र गोठवाल ने बोदल पुलिया की समस्या को लेकर केंद्रीय मंत्री से की मुलाकात

**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जिले के विगत दिनों बारिश से हुई अतिवृष्टि के कारण सवाई माधोपुर और खंडार श्योपुर मार्ग पर बोदल के समीप पड़ने वाली ओगाड़ पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई थी।इस दौरान विधायक गोठवाल ने मौके पर पहुंचकर तुरंत अधिकारियों को दिशा निर्देश देकर मार्ग चालू करवाया।वही खंडार विधायक जितेन्द्र गोठवाल ने अति वर्षा से क्षतिग्रस्त बोदल पुलिया की समस्या को लेकर दिल्ली में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी एवं माननीय भूपेंद्र यादव से भेंट की । विधायक जितेंद्र गोठवाल ने कहा कि खंडार विधानसभा की जनता को सुरक्षित और सुगम आवागमन उपलब्ध कराना मेरा कर्तव्य है। **जनता की सेवा ही मेरा संकल्प है** खंडार विधायक जितेन्द्र गोठवाल ने बताया की राष्ट्रीय राजमार्ग सख्या 552 विस्तार टोंक-सवाईमाधोपुर-श्योपुर-चिरगांव हाईवे सवाईमाधोपुर शहर से रणथम्भोर वन क्षेत्र से होकर गुजरता है।

सवाईमाधोपुर से श्योपुर का यह एक मात्र मार्ग है। गत दिवस 29.07.2025 को क्षेत्र में अत्याधिक बारिश होने के कारण बोदल ब्रिज के क्क स्न्नह्मद्दद्बद्ध स्द्बस्त्रद्द में मानसरोवर डेम स्थित है। जिसमें अधिक पानी की आवक होने पर साथ ही जगंल का पानी तेज वेग के साथ आने पर बोदल ब्रिज की सडक के ऊपर 9 से 10 फीट पानी आ गया जिससे ब्रिज काफी क्षतिग्रस्त होकर बिल्कुल टूट गया है एवं जिसके कारण यातायात अवरूद्ध हो गया। वर्तमान में पुलिया टूटने के कारण रास्ता बिल्कुल बंद है व आवागमन बाधित है। इसके साथ ही आवागमन बंद होने के कारण मूलभूत सुविधाओं से विधानसभा खण्डार और श्योपुर (मध्यप्रदेश) की आम जनता लाभ से वंचित है। व्यापार से समबन्धित कार्य, चिकित्सा सेवा से समबन्धित,शिक्षा व्यवस्था, डीजल सप्लाई व यात्रियों के आवागमन से लेकर अन्य समबन्धित अतिआवश्यक सेवाओं को लेकर वर्तमान में क्षेत्र के लोग काफी असुविधा का सामना कर रहे है। पुलिया के अभाव में सभी अतिआवश्यक कार्य रुक गये है। इसके साथ ही सवाई माधोपुर - खण्डार के लोगो का मध्यप्रदेश से सम्पर्क बिल्कुल टूट गया है। उक्त पुलिया का वन विभाग द्वारा सर्वे किया गया व तुरन्त फॉरेस्ट की बैठक बुलाकर सभी अतिआवश्यक कार्यवाही व दस्तावेज पूर्ण कर राज्य सरकार द्वारा केन्द्र सरकार को भिजवा दिया गया है।



## श्रीमोनी बाबा गौशाला की बैठक हुई आयोजित



**तिजारा (हुक्मनामा समाचार)।** तिजारा मोनी बाबा गौशाला सूरजमुखी की कार्यकारिणी की बैठक अध्यक्ष तेजपाल नागर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें जिसमें गत माह का आय व्यय का विवरण पटल पर रखा। गौशाला के संवर्धन एवं विकास को लेकर विशेष चर्चा की गई जिसमें गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने और गौवंश संरक्षण पर जोर दिया गया, साथ ही गायों के लिए बेहतर सुविधाएं और चारे की व्यवस्था पर चर्चा हुई।

इस अवसर पर अध्यक्ष तेजपाल नागर, बनें सिंह बिधूड़ी, देशपाल यादव, सुरेश गुप्ता, गिर्राज गोयल , सुभाष सैनी, कमल पार्षद , महीपाल दायमा, तुलसीराम, सत्यवीर सत्यार्थी,मुलचंद चौधरी उपस्थित थे।

# मुख्य सचिव ने विकास कार्यों की प्रगति को अधिकारियों के साथ मौके पर जाकर देखा

## आरबीएम अस्पताल का भी किया निरीक्षण



**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्य सचिव सुधांशु पंत रविवार को भरतपुर जिले ज़े दौरे पर रहे। जहां उन्होंने ज़ेवलादेव नेशनल पार्क, लोहागढ किला, सीएफसीडी ज़े विकास कार्यों का मौज़े पर जाकर निरीक्षण किया। उन्होंने आकस्मिक रूप से आरबीएम अस्पताल पहुंच कर विभिन्न वार्डों में सफाई व्यवस्था एवं रोगियों को दी जा रही सुविधाओं को भी परखा। उन्होंने सुबह ज़ेवलादेव नेशनल पार्क का भ्रमण कर विकास कार्यों का जायज लिया तथा गंभीर नदी से आए पानी से झीलों ज़े भर जाने से जैव विविधता ज़े लिए किये जा रहे प्रयासों की जानकारी ली। उन्होंने अभ्यारण्य में स्थित ज़ेवलादेव मंदिर ज़े दर्शन कर देश प्रदेश की खुशहाली की कामना की तथा व्यू पॉइंट से अभ्यारण्य की जैव विविधता को निहारा। उन्होंने घना ज़े गेट पर अधिकारियों से चर्चा कर पर्यटकों ज़े लिए सुविधाएं विकसित करने तथा पर्यटकों को आकर्षित करने ज़े लिए कार्य योजना बनाने ज़े निर्देश दिए। आरबीएम अस्पताल की व्यवस्था को परखा- मुख्य सचिव ने आरबीएम अस्पताल का निरीक्षण किया जहां नव निर्मित ब्लॉक के बारे में जानकारी ली तथा शीघ्र ही उद्घाटन करने का बात कही। उन्होंने अस्पताल ज़े विभिन्न वार्डों का निरीक्षण कर अस्पताल प्रशासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली तथा मरीजों ज़े हाल.चाल जाने। उन्होंने हड्डी वार्ड में गुलाल कुंड निवासी रोगी पप्पू ज़े हाल.चाल जानकर चिकित्सकों को बेहतर इलाज ज़े निर्देश दिए। पप्पू ज़े पैर में फैक्चर का अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। उन्होंने नदबई निवासी प्रेम कुमार से भी मिलकर हाल.चाल जाने, प्रेम कुमार ज़े घुटने में इंफेक्शन होने ज़े कारण अस्पताल ज़े वार्ड में इलाज कराया जा रहा है। उन्होंने दुर्घटना में घायल कानपुर निवासी बाबूलाल से भी मिलकर कुशलक्षेम पूंछी तथा अस्पताल प्रशासन द्वारा की जा रही चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी ली। अस्पताल में भर्ती नदबई ज़े ग्राम रौंणीजा निवासी 5 वर्षीय बालिका तन्वी ज़े हाथ में फैक्चर होने पर इलाज ज़े बारे में तन्वी की मां मती रमा से जानकारी लेकर अस्पताल प्रशासन द्वारा दी जा रहे सुविधाओं ज़े बारे में चर्चा की तथा चिकित्सकों को बेहतर इलाज ज़े निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल में विभिन्न वार्डों एवं शौचालयों का भी निरीक्षण किया तथा सफाई व्यवस्था पर नाराजगी व्यक्त करते हुए और बेहतर सफाई करवाने ज़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल में आने वाले रागियों एवं तीमारदारों को सफाई का वातावरण मिले यह सुनिष्चित किया जाये। उन्होंने नि:शुल्क दवा योजना ज़े काउंटर पर जाकर रोगियों को दी जा रही नि:शुल्क दवाओं की जानकारी ली तथा स्टॉक में रखी हुई दवाओं की श्रेणियां का निरीक्षण कर प्रतिदिन निशुल्क दवा वितरण संधारण व्यवस्था का जायाजा लिया। उन्होंने कहा कि दवाओं की उपलब्धता निरंतर बनाए रखें, किसी भी मरीज को दवाओं ज़े लिए बाहर नहीं जाना पडे, अस्पताल प्रशासन यह सुनिश्चित करें। मुख्य सचिव ने जघीना गेट ज़े पास सीएफसीडी के प्रगतिरत कार्य का जायजा लिया तथा बरसात ज़े दौरान पानी निकासी निरंतर बनाए रखते हुए बरसात ज़े तुरंत बाद कार्य को पूर्ण गति से आगे बढाने के निर्देश दिए।

## शहर कांग्रेस कमेटी सेवादल की कार्यकारिणी गठित

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** शहर कांग्रेस कमेटी सेवादल की कार्यकारिणी का गठन कर कार्यकारिणी में जिलाध्यक्ष डॉ. निरंजन सिंह, उपाध्यक्ष-दीपक खंडेलवाल, हेमन्त गादौली, अनीष उसमानी, महासचिव- हनुमत सिंह, वासु गर्ग, कृष्णा सैनी, गोविन्द सिंह, सिद्धार्थ चौधरी, सचिव-लक्ष्मन सिंह, भानु प्रताप, राजू चौधरी, सचिन, प्रशांत चाहर, संयुक्त सचिव-मनीष सैन, छोटू फौजदार, रोहित सिनसिनवार, विकास फौजदार, धर्मवीर, रिजवान खान, सह सचिव-प्रेम सागर सैनी, अजय राज, मुख्य प्रशिक्षक-पवन ठाकुर, कोषाध्यक्ष-रानू शर्मा, ध्वजा प्रभारी-रविन्द्र कुंतल, दल जगत इंचार्ज को नियुक्त किया गया है। सेवादल जिलाध्यक्ष डॉ. निरंजन सिंह, शहर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. दयाचंद पचौरी, उपाध्यक्ष अवधेश शर्मा, प्रेम सिंह प्रजापति, दिनेश सोगरवाल एवं शहर ब्लाक कांग्रेस कमेटी सेवादल अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार नागर ने हर्ष व्यक्त किया है।

## स्वदेशी सुरक्षा और स्वावलंबन अभियान के तहत लोगों को किया जागरूक



**डीग (हुक्मनामा समाचार)।** स्वदेशी जागरण मंच द्वारा स्वदेशी सुरक्षा और स्वावलंबन अभियान ज़े अंतर्गत लक्ष्मण मंदिर मुख्य बाजार में स्वदेशी वस्तुओं को खरीदने का आम जनमानस को जागरुक कर जन जागरण प्रारंभ किया विदेशी उत्पाद एवं ई कॉमर्स कंपनियों ज़े विरोध में व्यापारिक संगठनों ज़े साथ आक्रोश प्रदर्शन किया विभाग संयोजक सतीश दीक्षित ने सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि यह अभियान अनवरत सोशल मीडिया एवं स्वदेशी सामान की सूची वितरण कर अधिक से अधिक लोगों तक अपनी बात पहुंचने इसकी योजना रचना बनाने ज़े लिए कार्यक्रम रखना चाहिए रैली एवं प्रदर्शन का नेतृत्व व्यापार संगठन ज़े प्रमुख व्यवसायी ललित तिवारी ने किया इस अवसर पर विभाग से सह संयोजक शिवकुमार शर्मा डीग ज़े जिला सह संयोजक मुज़ेश सिंह राजपूत तहसील संयोजक मोतीलाल शर्मा भरतपुर ज़े जिला सहसंयोजक योगेश दीक्षित रेवती प्रसाद शर्मा प्रधानाचार्य एवं पार्षद राहुल लवानिया गोपाल इंदोलिया मीडिया प्रभारी रमन लाल गोस्वामी योगेश पार्षद इंदर सिंह लोज़ेश शर्मा लल्लू राम जांगिड़ सुरेश शर्मा इंद्र सांखला दुष्यंत परमार नानक संखलाऔर शहर ज़े अन्य व्यापारी गण उपस्थित थे सभी ने स्वदेशी वस्तु अपने का संकल्प लिया ।

## खैरथल जिला मुख्यालय बचाओ संघर्ष समिति की बैठक में अनेक निर्णय लिए





**खैरथल (हुक्मनामा समाचार)।** खैरथल जिला मुख्यालय बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले संघर्ष समिति की कार्यकारिणी गठन को लेकर विचार विमर्श किया गया, जिसमें संयुक्त व्यापार महासंघ, खैरथल मंडी समिति, लघु उद्योग भारती संघ, और समस्त सामाजिक संगठन के पदाधिकारियों के विचार लिए गए सभी ने एक मत से खैरथल – तिजारा जिले के नाम व स्थान परिवर्तन के विरोध में सहमति व्यक्त की, और कार्यकारिणी का शीघ्र गठन करने की कार्यवाही पर बल देते हुए आगमी रूपरेखा की योजना बनाई गई । विरोध का स्वरूप लोकतांत्रिक तरीके से किए जाने की बात पर सहमति बनी इस विषय में जल्द कार्यकारिणी का नेतृत्व आधिकारिक रूप से दिए जाने की बात पर चर्चा में सार्थक रूप से सभी का मार्गदर्शन मिला । समिति जल्द ही कार्यकारिणी अध्यक्ष की घोषणा करने जा रही है जिनके नेतृत्व में आगमी दिनों में शांति पूर्ण लोकतंत्र के दायरे में रह कर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे । इस बैठक में संयुक्त व्यापार महासंघ अध्यक्ष ओमप्रकाश रोघा, मंडी समिति अध्यक्ष सर्वेश गुप्ता, लघु उद्योग भारती खैरथल अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, ऋञ्जह विकास शर्मा, नीलम गुप्ता, संजय गुप्ता, प्रेम सैनी, नरेंद्र गुप्ता, खैरथल विकास मंच अध्यक्ष मनोहर लाल परवाना, श्याम लाल शर्मा, एडवोकेट अनिल गुप्ता, रवि चौधरी, दिनेश कौशिक, प्रहलाद छंगाणी, कपिल शर्मा, रघुवीर सिंह, दुलीचंद प्रजापत एवं सर्वसमाज ओर संगठनों के पदाधिकारी बैठक में उपस्थित रहे ।

## मृतक महिला पीएनबी बैंक में बैंककर्मी, सांगानेर थाना पुलिस ने की जांच पडताल

**नदबई (हुक्मनामा समाचार)।** नदबई क्षेत्र के गांव लुहासा निवासी बैंककर्मी महिला कौशल मीणा ने जयपुर सांगानेर स्थित अपने निजी आवास पर अज्ञात कारण फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। बाद में सांगानेर थाना पुलिस ने घटनास्थल पर जांच पडताल कर महिला के शव का पोस्टमार्टम कराया। शनिवार शाम मृतक महिला का पैतृक गांव लुहासा में दाहसंस्कार किया गया। विभागीय सूत्रों की मानें तो गांव लुहासा निवासी मृतक महिला कौशल मीणा अपने पति अशोक मीणा के साथ जयपुर सांगानेर रोड पिंकसिटी गॉर्डन स्थित अपने निजी आवास पर रहती। मृतक महिला पीएनबी बैंक दुर्गापुरा में बैंककर्मी, जबकि मृतक महिला का पति जयपुर नगर निगम में उपनिदेशक पर कार्यरत है। शुक्रवार सुबह करीब नौ बजे अशोक मीणा, अपने दोनों बच्चों को लेकर पहले स्कूल व बाद में अपनी ड्यूटी पर गया। इसी दौरान महिला बैंककर्मी कौशल मीणा ने अज्ञात कारण के चलते अपने कमरें में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सूचना पर सांगानेर थाना पुलिस ने मौके पर जांच पडताल करते हुए शनिवार को महिला के शव का पोस्टमार्टम कराया। बाद में शनिवार देर शाम पैतृक गांव लुहासा में महिला के शव का दाहसंस्कार किया गया। हालांकि, इस संदर्भ में समाचार लिखे जाने तक पुलिस में मामला दर्ज नही हुआ।

## माधोगंज गांव में कृषि कार्य करने गए किसान की डूबने से हुई मौत

**टोडारायसिंह (हुक्मनामा समाचार)।** उपखंड के गांव माधोगंज में बजरंग लाल पुत्र रोडू लाल भील उम्र 45 वर्ष की कृषि कार्य करने गए किसान की डूबने से हुई मौत, उड़द की फसल में खाद लगाकर पास के तालाब में हाथ पैर धोने के दौरान हुआ हादसा, किसान बजरंग भील का अचानक पैर फिसल जाने की वजह से किसान चला गया गहरे पानी मे, मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के साथ किसान को पानी में तलाशने के किए प्रयास, सफलता नहीं मिलने पर एसडीआरएफ टीम को भी दी सूचना। बीती देर शाम तक एसडीआरएफ टीम ने किसान को रेस्क्यू करने के किए प्रयास।

## भूतेश्वर महादेव मन्दिर पर हुआ हरियाणवीं रागनी कार्यक्रम का आयोजन

**डीग (हुक्मनामा समाचार)।** जिले के कस्बा जनूथर में स्थित आमजन की आस्था से जुडे प्राचीन भूतेश्वर महादेव मन्दिर पर चल रहें हिन्डोला महोत्सव में हरियाणवीं रागनी खूब जमी। रागनी कार्यक्रम का आयोजन शनिवार रात्रि को समाज सेवी भीम सिंह गिरसै ज़े मुख्यातिथ्य किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जयप्रकाश शास्त्री ने की। कार्यक्रम ज़े विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष सतीश बंसल व समाज सेवी करतार चौधरी जनूथर रहें। हिन्डोला महोत्सव ज़े अवसर पर ग्रह राज्य मंत्री बेढम ज़े पीएसओ बलराम सेजवाल जनूथर ने मन्दिर निर्माण ज़े लिए इक्यावन हजार रुपये नगद राशि मन्दिर विकास समिति को भेंट दी। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जनूथर मण्डल ज़े उपाध्यक्ष वीरी सिंह चौधरी व भाजपा मण्डल ज़े पूर्व अध्यक्ष परभाती सिंह ने संयुक्त रूप से किया। महोत्सव में रागनी कलाकारों ने रामायण, महाभारत, भर्तहरि-पिंगला, भक्त पूरनमल, उपदेशात्मक व महाराजा सूरजमल ज़े इतिहास से हरियाणवीं रागनी सुना कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। रागनी कार्यक्रम में कोमल चौधरी व संदीप सहरावत ने रामायण ज़े ज़ैकई-दशरथ संवाद से दशरथ राजा तने वचन भरा वो आज चाहिए राम ने वनवास भरत ने राज चाहिए। महाभारत ज़े द्रोपदी.दुषाशन संवाद से काजल चौधरी व सुरेश बेनीवाल ने संयुक्त ये री द्रोपत चाल मेरे संघ में अंधे का अंधा याद करें मैं सभा में जाने लायक ना मेरी क्यो इज्जत वरवाद करें। काजल चौधरी ने देश ज़े शहीदों को याद करते हुए ष्कितने वीर चलेंगे जगमें मेरी भारत माँ पे मर ज़े आजादी मिटी कहानी खतम ना होवें मर ज़े रागनी सुनाई। महाभारत ज़े कुन्ती.कर्ण संवाद से कोमल चौधरी व सुरेश बेनीवाल ने संयुक्त रूप से ये हाथ जोड प्रणाम करें । कार्यक्रम में विकास समिति ज़े मेघश्याम चौधरी, मुज़ेश हवलदार, चेतराम, रोहिताश, प्रदीप सबुआ, मुज़ेश चौधरी, ध्रुवसिंह, बॉबी चौधरी, प्रेमसिंह, मोनू ठेज़ेदार, सुगन पाराशर, राजेश ठेज़ेदार, अनिल दीवान, नाहरसिंह ठेज़ेदार, रोहिताश शर्मा, नरसिंह ठेज़ेदार, विजयसिंह, खगेन्द्र उपवन आदि सदस्य मौजूद रहें।

## हर घर तिरंगा अभियान को लेकर नगर मण्डल की बैठक संपन्न



**झुझुनू (हुक्मनामा समाचार)।** देशभर में चलाए जा रहे भाजपा के हर घर तिरंगा अभियान के तहत नगर मण्डल भाजपा की एक बैठक छिपियो की ढाणी स्थित नामदेव मंदिर परिसर में नगर मण्डल अध्यक्ष कमल कांत शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश मंत्री अजीत मांडल ने कहा कि तिरंगा हर व्यक्ति की आन बान शान का प्रतीक है ।विभाजन विभीषिका का दंश आज भी लोग झेल रहे हैं, उस समय की घटनाओं को याद करके लोग आज भी सिहर उठते हैं । उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर पर बोलते हुए कहा कि पूरी दुनिया ने भारत की शक्ति को देखा है ।भारतीय सेना ने मात्र 22 मिनट में ही पाकिस्तान में स्थित आतंकवादी अड्डों को नेश्ता नाबूत कर बिना किसी नुकसान के सुरक्षित वापस लौट कर सम्पूर्ण विश्व को भारत की क्षमता का लोहा मनवाया ।हर घर अभियान के जिला संयोजक सुनील लांबा ने अभियान की प्रस्तावना रखी ।कार्यक्रम मण्डल प्रभारी जिला उपाध्यक्ष राकेश शर्मा बगड़ ने कहा कि झुनझुनू वीरों और शहीदों का जिला है । हर घर तिरंगा लगाकर भाजपा कार्यकर्ता आजादी के जश्न को मनाए ।

## मुकुंदगढ़ में हर घर तिरंगा अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित

**मुकुंदगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत मुकुंदगढ़ भाजपा नगर मंडल की बैठक ठडुवाले बालाजी मंदिर परिसर में हुई ।अभियान के नवलगढ़ विधानसभा संयोजक आरसी शर्मा ने अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी और कार्यकर्ताओं से अभियान में भागीदारी निभाने का आह्वान किया ।भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिल शर्मा ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर रामकुमार सैनी,राजकुमार भार्गव, घासीराम शर्मा, सुभाष शर्मा, हेमंत शर्मा, भास्कर दूलर, महेश पायल, बंटी शर्मा,सुशील सोनी,महेंद्र कुमार, दिलीप कुमावत, दीपक टेलर, रवि भार्गव, प्रमोद धाबाई, नितिन योगी, सोनू योगी,हरीश पाराशर, अभिषेक सैनी, मनोज सैनी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## तिरंगा साइकिल रैली आयोजित होगी आज

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार ज़े निर्देशानुसार स्वंतत्रता दिवस ज़े उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा अभियान ज़े तहत 15 अगस्त तक जिले में विभिन्न देशभक्तिपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। जिला कलक्टर कमर चौधरी ने बताया कि कार्यक्रमों की श्रृंखला में आमजन की भागीदारी हेतु जिला मुख्यालय पर 11 अगस्त सोमवार को सुबह 9.30 बजे तिरंगा साइकिल रैली पुलिस परेड ग्राउण्ड से प्रारम्भ होकर बीडीए सर्किल से मानसिंह सर्किल से बिजलीघर चौराहे से चौबुर्जा होते हुए किला स्थित शहीद स्मारक स्थल तक आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि तिरंगा रैली में साईकिल क्लब, एनसीसी, महाविद्यालय एवं विद्यालय स्तर ज़े विद्यार्थी, एनएसएस, जनप्रतिनिधि, विभागों ज़े अधिकारी, विभिन्न सामाजिक और नागरिक संगठन, स्वयंसेवी संस्थाएं अपने साथ तिरंगा भी लेकर चलेंगे।

## मंडी व्यापारियों ने मंडी को यथावत रखने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** रविवार को नवीन मंडी यार्ड भरतपुर ज़े व्यापारियों ने गृह राज्यमंत्री जवाहरसिंह बेढम ज़े भरतपुर आगमन पर मुलाकात कर ज्ञापन दिया। नवीन मंडी यार्ड व्यापारियों ने एक स्वर में मंडी को भाडोर में ले जा रहे का विरोध किया। मंडी प्रवक्ता इंजीनियर घमंडीसिंह ने बताया कि भाडोर जाने का एकमात्र रास्ता कंजौली पुल पर आए दिन जाम लगा रहता है एवं दुर्घटनाएं होती रहती हैं क्योंकि मंडी में सारा व्यापार नगद में होता है जिसमें सुरक्षा की दृष्टि से भाडोर की जगह उपयुक्त नहीं है जहां पर किसान एवं व्यापारी सुरक्षित नहीं हैं। सभी व्यापारियों ने सरसों मंडी को अनाज मंडी कुम्हेर रोड पर शिफ्ट करने की मांग की। यह मांग व्यापारी पिछले 20 वर्षों से करते आ रहे हैं तथा यह नवीन मंडी यार्ड की जगह व्यापार की दृष्टि से उपयुक्त है। मंत्री से आग्रह किया गया कि मुख्यमंत्री द्वारा पुनर्विचार कर मंडी स्थानांतरण को यथावत नवीन मंडी यार्ड भरतपुर में दोनों मंडियां को रखा जावे।

## थाईलैंड में आयोजित ताइकांडो चैंपियनशिप में आंधी की बेटी मुस्कान ने जीता गोल्ड

**जमवारामगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** थाईलैंड में आयोजित हुई 8वीं हिरोस इंटरनेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप-2025 में जमवारामगढ़ उपखंड क्षेत्र के आंधी गांव निवासी खिलाड़ी मुस्कान शर्मा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गोल्ड जीत कर देश व दुनिया में आंधी क्षेत्र का नाम रोशन किया है। 17 वर्षिय आयु वर्ग के 49 किलोग्राम भार वर्ग श्रेणी में भारत का प्रतिनिधित्व कर रही मुस्कान ने प्री-क्वार्टरफाइनल में मलेशिया की हीना अब्दुस सलीम को पराजित किया। इसके बाद क्वार्टरफाइनल में चीन की हुआंग रुई को हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। सेमीफाइनल मुकाबला रविवार सुबह 11 बजे खेला गया। थाईलैंड की थानचैपोन सुवानमनी को सेमीफाइनल और फिलीपिंस की ऐराह मे एमेडो को फाइनल में पराजीत करके गोल्ड मेडल अपने नाम किया। मुस्कान शर्मा अपने कोच भारत जायसवाल एवं पिता हनुमान सहाय कोठोत्या के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने थाईलैंड पहुंची थी। इससे पूर्व अहमदाबाद में आयोजित ऑल इंडिया ओपन नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2025 में 47 किलोग्राम भारवर्ग में रजत पदक प्राप्त कर अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए ट्रायल में स्थान बनाया था। ट्रायल में सफलता के उपरांत उन्हें थाईलैंड में भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त हुआ।

## जेजूसर में 765 केवी ट्रांसमिशन लाइन प्रभावित किसान संघर्ष समिति की हुई बैठक

**मुकुंदगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** गांव जेजूसर में रविवार को 765 केवी ट्रांसमिशन लाइन प्रभावित किसान संघर्ष समिति की बैठक दिनेश सांगासी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में नवलगढ़ ब्लॉक के तमाम गांवों से किसानों ने भाग लिया ।बैठक को सम्बोधित करते हुए समिति प्रवक्ता कॉमरेड कपिल ऐचरा ने कहा कि कम्पनी द्वारा एक दस्तावेज मुहैया करवाया गया है। जिसमें टावर व लाइन कोरिडोर में प्रत्येक प्रभावित किसान को मिलने वाली मुआवजा राशि का ब्यौरा है,जो बताता है कि नेशनल हाइवे पर लगने वाली जमीनों में औसत दर पचास से साठ हजार प्रति बीघा व अन्य गावों में तीस से चालीस हजार प्रति बीघा मिल रहा है। जबकि लाइन कोरिडोर का मुआवजा तो मात्र औसत 18 हजार प्रति बीघा ही है। यह हमें मंजूर नही हैं ।इस दौरान 12 अगस्त को समिति की ओर से मांगों को लेकर झुंझुनूं जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। प्रदर्शन के बाद भी निर्णय नहीं निकला तो किसान वहीं पड़ाव का निर्णय भी ले सकते है।

## रक्षाबंधन पर बच्चियों से रक्षा सूत्र बंधवाए,उपहार स्वरूप सुकन्या योजना का बचत खाता खुलवाया

**मुकुंदगढ (हुक्मनामा समाचार)।** कस्बे में संचालित सामाजिक संस्था लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट मुकुंदगढ़ द्वारा रक्षाबंधन पर्व का आयोजन ट्रस्ट कार्यालय में किया गया ।ट्रस्ट अध्यक्ष डिंपल कुमावत ने बताया कि पूर्व जिला प्रमुख विशाल पंडित नवलगढ़ की प्रेरणा से ट्रस्टी संजय कीर्तनिया की अभिशंषा पर केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण सुकन्या समृद्धि योजना के प्रचार प्रसार हेतु ट्रस्ट द्वारा पिछले पांच वर्षों से रक्षाबंधन पर्व मनाया जाता और छोटी बच्चियों से रक्षासूत्र बंधवाकर उपहार स्वरूप सुकन्या समृद्धि योजना में खाता खुलवाया जाता है ।ट्रस्ट प्रभारी रंजना शर्मा ने बताया कि ट्रस्ट का मुख्य कार्य सरकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाना है।

## भरतपुर जिले की सीनियर महिला क्रिकेट टीम घोषित,नीतू शर्मा कप्तान व खुशी चौधरी उप कप्तान बनी

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राज्यस्तरीय सीनियर महिला क्रिज़ेट प्रतियोगिता ज़े लिए जिला क्रिज़ेट संघ ज़े चयनकर्ताओं सूरज शर्मा, नरेश खत्री, कृष्ण स्वरूप शर्मा लंज़ेश, प्रेम सिंह व पंकज गोयल ज़े द्वारा जिले की 16 सदस्यीय टीम घोषित कर दी गई है। जिला क्रिकेट संघ भरतपुर के सचिव शत्रुघन तिवारी ने बताया कि टीम चयन ज़े लिए अपनाई गई एक दिवसीय चयन प्रक्रिया ज़े बाद जिले की टीम घोषित की गई है टीम का कप्तान नीतू शर्मा एवं उपकप्तान खुशी चौधरी को बनाया गया है बाकी टीम शिखा शर्मा, अक्षिता अरोड़ा, आकृति सिंह, स्नेहा सिंह सिंनसिनवार, अनुष्का सोलंकी, वसुंधरा चौधरी, श्रुति जाखड़, कीर्ति सिंह, कल्पना कुमारी, काजल चौधरी, लावण्या शर्मा, सा नथावत, अनामिका सिंह को टीम में शामिल किया गया है एवं टीम ज़े मैनेजर अनीता सिंह व कोच देवेंद्र सिंह कालू को नियुक्त किया गया है सचिव ने बताया कि टीम की सभी महिला खिलाड़ियों को जिला क्रिज़ेट संघ भरतपुर द्वारा कलर ड्रेस, ज़ैप, ट्रैवल बैग व नेकर दिया गया है टीम का पहला मैच 11 अगस्त को गंगानगर से तथा दूसरा मैच 12 अगस्त को जयपुर से एवं तीसरा और अंतिम लीग मैच 13 अगस्त को डूंगरपुर से होगा यह प्रतियोगिता टी.20 लीग मैच ज़े आधार पर सफेद बॉल से रंगीन ड्रेस में जयपुर में खेली जायेगी।

# महिला ओपन हॉकी प्रतियोगिता में बीडीआईएस बनी चैंपियन विधायक ने दी ट्रॉफी

**पदमपुर (हुक्मनामा समाचार)।** महिला ओपन हॉकी प्रतियोगिता में बीडीआईएस पदमपुर के बनी चैंपियन विधायक रुपिन्द्र सिंह कुन्नर ने विजेता टीम को ट्रॉफी देते हुए कहां की जो खिलाडी बेहतर खेल का प्रदर्शन कोच के निर्देशन पर अच्छा करता है वही बाजी मारता है ! हालाकि सभी खिलाड़ियों ने खेल मेदान पर अपना भरपूर दमखम दिखाते हुए शानदार खेल का प्रदर्शन विजेता बनने के लिए किया । कुन्नर ने विजेता बीडीआईएस व उप विजेता एमआरएम निर्वाना की टीम को शुभकामनाएं दी और कहा कि शहीद कैप्टन नवपाल सिंह सिद्धू की जयंती पर इतने बडे खेल मेले का आयोजन अमर शहीद कैप्टन नवपाल सिंह सिद्धू चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा कर महिला खिलाड़ियों को बेहतर प्लेटफार्म आगे बढ़ाने के लिए दिया है ! रविवार को शहीद नवपाल सिंह सिद्धू स्टेडियम में महिला ओपन हॉकी प्रतियोगिता आयोजित की गई %जिसमें हनुमानगढ़ - गंगानगर की 6 टीमों के सौ से अधिक खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय ध्वज स्टेडियम के चारो और फहराते हुए भारत माता का जय घोष कर शहीद को नमन किया । प्रसिद्ध गायक सुरेंद्र कंचन ने देशभक्ति गीत के माध्यम से खिलाड़ियों व उपस्थित प्रमुख नागरिकों के हदय मे राष्ट्रभक्ति का जज्बा कायम किया । मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी नवदीप कौर के पिता जसवंत सिंह व हॉकी के वरिष्ठ कोच गुरदयाल सिंह संधू ,प्रतिष्ठ स्वर्णकार नरेश सोनी , प्रमुख व्यापारी भोजराज जैन ,कांग्रेस नगर अध्यक्ष राजकरण गिल , राकेश शर्मा, अग्रवाल सभा अध्यक्ष सुरेश मित्तल, जनता ट्रक यूनियन अध्यक्ष इकबाल सिंह भंडाल एवं वरिष्ठ लालचंद पीटीआइ ,शिक्षक आदूराम सहारण ,कृष्ण जलन्धरा , मोहन माहर, एव कैपीटल के हरिकेश व जितेंद्र कोचर , पतराम चौधरी सतेन्द्र पाल सिंह सिद्धू , कोच दुर्गेश शेखावत बेग राज जाखड़ गंगा विशन , गुरदीप लहर , छोटू शेखावत , ताराचंद , मनीष कुमार मनीष कुमार गजरा हैप्पी शर्मा , मोजी प्रवीन , रेफरी सन्दीप डागला , सुखविंदर सुखी ,मोहन माहर ,कृष्ण जलन्धरा , .सरपंच बूटा सिंह ,एडवोकेट धीरज अरोड़ा, शिक्षक महल सिंह , गोपाल चालला, शिक्षिका गीता चावला तथा स्काऊट विद्यार्थीमाधवविराट सोनूआदित्य, पालिका स्वच्छता निरीक्षक संजीव कुमार, सहायक राजस्व निरीक्षक विशाल गिल ,क्षेत्रीय वरिष्ठ लिपिक नारायण ,सोनू खन्ना आदि प्रतिष्ठ नागरिकों ने नवपाल सिंह को पुष्पांजलि अर्पित कर कहा कि नबपाल सिंह ने पिता कर्नल आज्ञापाल सिंह सिद्धू शहीद भ्राता , राजपाल सिंह सिद्धू व माता राजेंद्र पाल कौर की प्रेरणा से भारतीय सेना का गौरव बढ़ाते हुए राष्ट्रहित में सर्वोच्च बलिदान दिया । फाइनल मुकाबले में बीडीआईएस टीम ने एमआरएम निरवाना टीम को 5 - 1 से पराजित कर विजेता का खिताब अपने नाम किया । सर्वश्रेष्ठ ब खिलाड़ी का पुरस्कार नेहा को दिया गया जिन्होंने तीन गोल विरोधी टीमों के खिलाफ देगा ।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का पेंशनर्स के लिए अहम निर्णय

## चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग दे सकेगा आरजीएचएस में ओपीडी की निर्धारित सीमा में शिथिलता



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के सुलभ एवं सुचारू संचालन के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। इस दिशा में राज्य सरकार ने राजस्थान राज्य पेंशनर्स चिकित्सा रियायती योजना-2021 में संशोधन किया है।

वित्त विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार पेंशनर्स के लिए आरजीएचएस योजना के अन्तर्गत वर्तमान में आउटडोर चिकित्सा सुविधा में दवाइयों के लिए निर्धारित 50 हजार रुपए प्रतिवर्ष एवं जांचों के लिए 5 हजार रुपए की निर्धारित सीमा में वृद्धि के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग एवं उसके अधीन राजस्थान स्टेट हेल्थ एश्योरेंस एजेन्सी को शक्तियां प्रदान की गई हैं।

इसके तहत ओपीडी दवाइयों के लिए निर्धारित सीमा में 2 लाख रुपए तक के विस्तार के लिए राजस्थान स्टेट हेल्थ एश्योरेंस एजेंसी के अतिरिक्त सीईओ या संयुक्त सीईओ (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा अधिकृत), 2 लाख से 7 लाख रुपए तक के लिए राजस्थान स्टेट हेल्थ एश्योरेंस एजेंसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) को प्राधिकृत किया गया है। वहीं 7 लाख रुपए से अधिक के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग (प्रशासनिक विभाग) को प्राधिकृत किया गया है।

इसी तरह चिकित्सा जांचों के लिए निर्धारित 5 हजार रुपए की सीमा को बढ़ाने के लिए राजस्थान स्टेट हेल्थ एश्योरेंस एजेंसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्राधिकृत है। उल्लेखनीय है कि निर्धारित सीमा राशि में वृद्धि के लिए पहले यह शक्तियां वित्त विभाग के अधीन थी। जिन्हें अब चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को सौंप दिया गया है।

मुख्यमंत्री के इस निर्णय से पेंशनर्स को अपने मेडिकल जरूरतों के मामले में ओपीडी दवाइयों एवं चिकित्सा जांचों की सीमा राशि में शिथिलता प्राप्त करने के लिए अब आवेदन करना और सरल होगा। पेंशनर्स को इसके लिए आरजीएचएस पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

# चुनाव आयोग वोट चोरी करवाकर बेहूदा मांग कर रहा-गहलोत



**जयपुर।** पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने चुनाव आयोग पर सवाल उठाते हुए राहुल गांधी से शपथ पत्र मांगने को बेहूदा मांग करार दिया है। गहलोत ने लिखित बयान जारी कर कहा कि राहुल गांधी ने सारे सबूत जनता के सामने रखकर चुनाव आयोग द्वारा वोटर लिस्ट में की जा रही वोट चोरी को उजागर किया है, उस पर पूरे देश को भरोसा है। चुनाव आयोग की शपथ पत्र देने की मांग एक दम बेहूदा और अपनी इज्जत बचाने का प्रयास लगती है।

**अशोक गहलोत ने कहा** एनडीए सरकार के दौरान 2018 में मुख्य चुनाव आयुक्त रहे ओपी रावत ने कहा है कि जब वे चुनाव आयुक्त थे तब कोई वरिष्ठ नेता आरोप लगाता तो चुनाव आयोग स्वत:: उसकी जांच कर जनता के सामने तथ्य प्रस्तुत करते, जिससे जनता का चुनाव आयोग में विश्वास बना रहे। पहले भी तमाम विपक्षी नेताओं जैसे अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी और खुद नरेंद्र मोदी सहित कई तत्कालीन विपक्षी नेताओं ने चुनाव आयोग पर आरोप लगाए थे। इनमें से कितने नेताओं के चुनाव आयोग में शपथ पत्र जमा हैं?

**क्या भारत में चीन, रूस जैसा चुनाव आयोग बनाने का प्रयास?** गहलोत ने कहा- जो खुलासा राहुल गांधी ने किया है वो यदि किसी खोजी पत्रकार या मीडिया संस्थान ने किया होता तो क्या चुनाव आयोग उन आरोपों की निष्पक्ष जांच करता या उनसे शपथ पत्र मांगता? नॉर्थ कोरिया, चीन और रूस जैसे देश जहां एक पार्टी का ही शासन है, वहां भी चुनाव आयोग बाकायदा चुनाव करवाता है।

**वोट चोरी लोकतांत्रिक सिद्धांत पर हमला** गहलोत ने एक्स पर लिखा- वोट चोरी एक व्यक्ति, एक वोट के बुनियादी लोकतांत्रिक सिद्धांत पर हमला है।

## धौलपुर में दो ट्रकों से 68 पशु मुक्त कराए

**धौलपुर।** धौलपुर की कोतवाली और निहालगंज थाना पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई कर पशुओं से भरे दो ट्रक जब्त किए। इन ट्रकों में ठूंस-ठूंस कर भरे गए 68 पशुओं को मुक्त कराया गया। पुलिस ने मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पहली कार्रवाई कोतवाली थाने के हेड कॉन्स्टेबल मनोज कुमार ने सागरपाड़ा चौकी पर नाकाबंदी के दौरान की। डीएसटी टीम प्रभारी प्रेम सिंह की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने नाकाबंदी कर एक ट्रक को रोका। इस ट्रक में 33 पशु अत्यधिक भीड़ में भरे हुए थे। पुलिस ने ट्रक में मौजूद आरोपी सोनू (24) पुत्र बासिद निवासी कागारोल, आगरा (उत्तर प्रदेश) को गिरफ्तार किया। दूसरी कार्रवाई निहालगंज थाने के हेड कॉन्स्टेबल गिरधारी और विकल सिंह ने की।

# फर्जी तलाक लेकर 12 महिलाएं सरकारी नौकरी में लगीं

### आरएसएसबी अध्यक्ष बोले- शिकायत मिली है, एक्शन लेंगे, एसओजी भी कार्रवाई करेगी

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** फर्जी तरीके से तलाक लेकर महिलाएं तलाकशुदा कोटे से सरकारी नौकरी जॉइन कर रही हैं। बड़े पैमाने पर इस तरह का फर्जीवाड़ा चल रहा है। इसकी शिकायत राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड को मिली है। बोर्ड अध्यक्ष आलोक राज ने स्पष्ट कहा है- तलाकशुदा कोटे से विभिन्न विभागों में जॉइन करने वालों में फर्जीवाड़ा मिला तो एक्शन लिया जाएगा।

भर्ती परीक्षाओं में फर्जी तलाक लेकर नौकरी हासिल करने वालों के खिलाफ अब स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) कार्रवाई करेगा। फर्जीवाड़े को लेकर सघन स्तर पर जांच अभियान चलाने की तैयारी है। फर्जी डिग्री, डिप्लोमा के जरिए नौकरी हासिल करने के मामले पहले ही सामने आ चुके हैं। आरएसएसबी अध्यक्ष आलोक राज ने बताया- राजस्थान सरकार की तमाम नौकरियों में अलग से अलग से तलाकशुदा महिलाओं के लिए कोटा (2प्रतिशत) होता है। इसकी कटऑफ अन्य श्रेणियां के मुकाबले काफी कम रहती है। इसी बात का फायदा उठाकर पिछले कुछ वक्त से काफी अभ्यर्थी सिर्फ कागजों में तलाक लेकर नौकरी हासिल कर रहे थे। अध्यक्ष ने बताया कि अब तक इस तरह की 12 से ज्यादा शिकायत मिल चुकी है। उनकी जांच करना आसान नहीं है।

फिलहाल हम स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप और विशेषज्ञों के साथ मिलकर इस तरह के अभ्यर्थियों की गड़बड़ी को पकड़ने का प्रयास कर रहे हैं। सभी मामले अलग-अलग तरीके के सामने आए हैं। इनमें कई अभ्यर्थी तलाक के फर्जी कागज लेकर नौकरी कर रही हैं।

### तीनों की डूबने से मौत, नहाने के लिए पानी में उतरे थे बच्चे

# पोता-पोती को बचाने के लिए तालाब में कूदी दादी



**राजसमंद।** राजसमंद में तालाब में डूबने से दादी और पोता-पोती की मौत हो गई। पोता-पोती नहाने के लिए तालाब में उतरे थे। अचानक वे डूबने लगे। उन्हें बचाने के लिए दादी भी तालाब में कूद गई। तैरना नहीं आने के कारण तीनों डूब गए।

हादसा देवगढ़ थाना इलाके में मंडावर ग्राम पंचायत के ढाक का चौड़ा गांव में रविवार सुबह करीब 10 बजे हुआ। थाना इंचार्ज अनिल विश्नोई ने बताया- हादसे में पूर्व वार्डपंच भंवरी देवी (60) पत्नी राजूराम भील और उनके पोते हिम्मतराम (11) पुत्र तुलसाराम व पोती मीना (10) पुत्री लक्ष्मण राम की मौत हो गई। हिम्मतराम और मीना चचेरे भाई-बहन थे। भंवरी देवी उनकी दादी थी। पोस्टमॉर्टम के बाद तीनों के शव परिजनों को सुपुर्द कर दिए।

**नहाने के लिए तालाब में उतरे थे बच्चे** ढाक का चौड़ा गांव में रविवार सुबह करीब 9 बजे भंवरी देवी पोते हिम्मतराम और पोती मीना को लेकर बकरियां चराने जंगल में गई थी। इस दौरान हिम्मतराम और मीना गांव के तालाब शिल सागर में नहाने के लिए उतरे। दोनों बच्चे अचानक गहरे पानी में चले गए। तैरना नहीं आने के कारण दोनों डूबने लगे। दोनों बच्चों को डूबता देख दादी भंवरी देवी उन्हें बचाने के लिए पानी में कूद गईं। भंवरी देवी को भी तैरना नहीं आता था। पानी गहरा होने के कारण वह भी डूब गईं।

गांव के दूसरे बच्चों ने तालाब में भंवरी देवी की बॉडी देखी। उन्होंने मंडावर प्रशासक प्यारी देवी को इसकी सूचना दी। प्यारी देवी ने बग्गड़ पुलिस चौकी पर हादसे की सूचना दी। इसके बाद प्यारी देवी और देवगढ़ पुलिस थाना इंचार्ज अनिल विश्नोई जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से पोता-पोती और दादी को तालाब से बाहर निकाला। देवगढ़ के सरकारी हॉस्पिटल में पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने तीनों को मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार, हिम्मतराम और मीना के माता-पिता मजदूरी करते हैं। घर की आर्थिक हालत खराब है। हिम्मतराम गांव के सरकारी स्कूल में पढ़ता है, जबकि मीना का अभी एडमिशन नहीं हुआ था।

## कार ने बाइक सवार कॉन्स्टेबल को कुचला, मौत

**चौमूं।** जयपुर में तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार कॉन्स्टेबल को टक्कर मार दी। हादसे में कॉन्स्टेबल की मौत हो गई। कॉन्स्टेबल घर से ड्यूटी जयपुर पुलिस लाइन में पर लौट रहे थे। हादसा जयपुर-सीकर हाईवे पर चौमूं इलाके में रविवार सुबह 7 बजे हुआ। चौमूं थाना प्रभारी प्रदीप शर्मा ने बताया कि रेनवाल के बधाल गांव निवासी कॉन्स्टेबल राजेंद्र कुमार सामोता (36) पुत्र लक्ष्मीनारायण सामोता की हादसे में मौत हो गई। वह घर से ड्यूटी के लिए सुबह निकले थे।

# उत्तर पश्चिम रेलवे को मिले 5 नए एसीएम

### मुख्यालय में फिर से 3 की नियुक्ति, जयपुर मंडल में 2 अधिकारी बैठेंगे



**जयपुर।** उत्तर पश्चिम रेलवे को लंबे समय बाद पांच नए सहायक वाणिज्यिक प्रबंधक (एसीएम) मिल गए हैं। इन नियुक्तियों के साथ ही जवाहर सर्किल स्थित रेलवे मुख्यालय में अब फिर से तीन एसीएम काम करेंगे, जबकि जयपुर मंडल में भी दो एसीएम की व्यवस्था हो जाएगी। इस बदलाव के तहत मुख्यालय और मंडल के अलावा जोधपुर, अजमेर और बीकानेर मंडलों में भी अधिकारियों का तबादला किया गया है।

**इनके हुए ट्रांसफर** रेलवे एसीएम (आर) मदन मीना ने बताया- पीसीओएम मदन देवड़ा और पीसीसीएम डॉ. सीमा शर्मा की अनुशंसा पर मुख्यालय के सीआरआई अजय सांखला को एसीएम (पीएम/पीएस) नियुक्त किया गया है। वे यात्री विपणन और सुविधाओं से जुड़े कार्य संभालेंगे। इसी प्रकार चीफ ओएस (कॉमर्शियल) श्याम सुंदर को मुख्यालय में एसीएम (एफएम एंड कोर्ट) बनाया गया है, जो माल भाड़ा और कोर्ट से जुड़े मामलों को देखेंगे। वहीं मुख्यालय में कार्यरत चीफ लॉ असिस्टेंट (सीएलए) बिश्वनाथ शर्मा को जयपुर मंडल में एसीएम (एफएंडएस) के पद पर भेजा गया है। वे माल भाड़ा, पार्सल और खानपान जैसी यात्री सुविधाओं का कार्य देखेंगे।

**3 एसीएम लगाए** इसके साथ ही मुख्यालय में अब विवेक शर्मा (सीबीआई/विजिलेंस), अजय सांखला और श्याम सुंदर तीन एसीएम होंगे। जयपुर मंडल में मुकेश गहलोत और बिश्वनाथ शर्मा दो एसीएम के तौर पर कार्य करेंगे।

इसके अलावा मुख्यालय के सीआरआई सुरेंद्र सिंह और जयपुर के सीबीएस (सीएस) बीके गौड़ को जोधपुर मंडल का एसीएम नियुक्त किया गया है। अधिकारी तबादले के क्रम में राज कुमार उधवानी को जोधपुर से अजमेर, लाल चंद कुम्हार को अजमेर से बीकानेर और राज कुमार स्वर्णकार को बीकानेर से अजमेर भेजा गया है। तीनों का तबादला उनके अनुरोध पर किया गया है। सभी नियुक्त अधिकारी रेलवे के राजपत्रित पद पर कार्यरत होंगे।

रेल मामलों के जानकार और एक्स विजिलेंस ऑफिसर एनएस शेखावत के अनुसार पांच नए जूनियर स्केल (जेएस) ऑफिसर मिलने से वाणिज्य विभाग में लंबित कार्यों का निपटारा तेजी से होगा और विभाग की कार्यक्षमता बढ़ेगी।



# अलवर जिले में सावन महीने में नहीं हुई तेज बारिश

### सिलीसेढ़ बांध पर भी नहीं चली चादर

**अलवर।** अलवर जिले में एक बार फिर मानसून सक्रिय तो हुआ है, लेकिन अभी तेज बारिश नहीं होने से बांध खाली पड़े हैं। सिलीसेढ़ बांध पर चादर भी नहीं चली है। वहीं जयसमंद बांध भी खाली है। जब तक बांध नहीं भरते तब तक जिले में अच्छी बारिश नहीं मानी जाती है। पिछले करीब 7 दिनों से बारिश नहीं हुई थी। लेकिन शनिवार व रविवार से घने बादल छाए हैं। कई जगहों पर देर रात हल्की बारिश हुई है। लेकिन जोरदार बारिश का इंतजार है।

**बांधों में पानी की आवक कम** अलवर शहर में भी सात दिनों से बारिश नहीं है। यही हाल पूरे जिले का है। जिसके कारण बीच में गर्मी का असर तेज हो गया था। लेकिन अब वापस घने बादल छाने और हल्की बारिश होने से आमजन को गर्मी से राहत मिली है। दो दिन से बदले मौसम से फसलों को फायदा हुआ है। इस बार फसल अच्छी है। लेकिन बारिश कम होने से बांधों में पानी की आवक कम है। जिसके कारण पानी का संकट रह सकता है। इस बार अधिक बारिश की उम्मीद थी। मानसून की शुरुआत में अलवर में दो-तीन बार तेज बारिश हो गई थी। लेकिन सावन का महीना शुरू होने के बाद कम हुई है।

## उड़ता तीर

### अकेले जूझते सी एम।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पिछले कई महीने से पूरी ताकत और मेहनत से फील्ड में जुटे हुए हैं पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का मसला जब तक नहीं सुलझेगा, वे चैन से नहीं बैठेंगे क्योंकि वे जानते हैं कि शतरंज की बिसात पर कई बार जीत के लिए राजा अपना सिपाही और वजीर भी मरवा देता है इसलिए सतर्क रहना है और घटनाक्रम पर निगरानी रखनी है । मुख्यमंत्री जी कोई कमी या शिकायत का मौका नहीं देना चाहते हैं, जो शिकायत सामने आ जाए उसका तुरंत निष्पादन भी कर रहे हैं 1 दिन में तीन-तीन जिलों का दौरा कर रहे हैं हर योजना, हर विभाग की मॉनिटरिंग खुद कर रहे हैं।

### दबाव में सुधरती बातें।

गृहमंत्री अमित शाह की राजस्थान यात्रा के बाद जब से मंत्रियों को लगा है कि कामकाज के आधार पर उनकी विदाई और रहने की व्यवस्था हो सकती है तभी से सब काम में लग गए हैं कार्यकर्ताओं की जनसुनवाई के लिए भी समय निकलने लगा है फाइलें भी थोड़ी गति से दौड़ने लगी है। कुल मिलाकर कामकाज की गति बढी है। माना जा रहा है कि सरकार की काम नहीं होने वाली छवि जल्दी ही टूट जाएगी।

### वंशवाद की निकलती हवा।

भाजपा वंशवाद के प्रारंभ से ही जबरदस्त रूप से खिलाफ रही है परंतु अब पार्टी में वंशवाद की हवा निकल रही है, लगभग 50 से ज्यादा प्रदेश के विधायकों के लाडले, कई सांसदों के लाडले बड़े पदाधिकारी के लाडले। चुनाव के लिए ताल ठोक रहे हैं इनकी शुरुआत तो जन्मदिन से हो रही है जिसमें बड़े-बड़े बैनर लग रहे हैं उन्हें राजकुमार,युवा हृदय सम्राट, लोकप्रिय युवा नेता आदि पदवी से सजाया संवारा जा रहा है कार्यकर्ताओं में इससे निराशा है पर वो भी जानते हैं कि टिकट लाना और चुनाव लड़ना अब आसान नहीं रहा।

### अफसर शाही हावी।

राजस्थान में पिछले तीन दशक में अफसर शाही लगातार होती जा रही है, भेरू सिंह शेखावत जी के जमाने में अफसर को तवज्जो मिलनी चालू हुई थी, गहलोत जी और वसुंधरा जी के समय यह बढ़ गई, अब तो हाल और खराब हो गए हैं जब मंत्रियों को कंट्रोल में रखना और राजनीतिक प्रबंधन के लिए अफसर को तवज्जो देने की सोची जाएगी तो अफसरो का ताकतवर होना मजबूत होना लाजमी था।

### टकराव शुरू।

पिछले दिनों राज्य सरकार ने वित्त आयोग के अध्यक्ष पद पर पूर्व मंत्री अरुण चतुर्वेदी को नियुक्त किया है चतुर्वेदी का पिछले चुनाव में सिविल लाइंस जयपुर से टिकट काटा गया था जबकि इलाके में उनकी अच्छी पकड़ मानी जाती थी उनका टिकट कटने के बाद गोपाल शर्मा को उनकी जगह लाया गया जिन्होंने प्रताप सिंह खाचरियावास को भारी अंतर से हराया। इस इलाके में भाजपा कार्यकर्ता गोपाल शर्मा और चतुर्वेदी गुट में बंटे हुए हैं, अब चतुर्वेदी को लाल बत्ती वाली गाड़ी मिल गई है तो निश्चित तौर पर इलाके में उनकी पकड़ बढ़ रही है इसके चलते दोनों नेताओं में टकराव भी शुरू हो गया है जो अगले कुछ दिनों में खुलकर सामने दिखने लगेगा।

### गहलोत की पकड़ मजबूत।

पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के बड़े नेता अशोक गहलोत की राजस्थान में दिनों दिन स्थिति मजबूत होती जा रही है राजस्थान में हर 5 साल में सत्ता परिवर्तन का रिवाज है इसलिए लोग मान रहे हैं कि भाजपा सरकार कितना ही बेहतर काम कर ले आना कांग्रेस को ही है और कांग्रेस में गहलोत को ही बड़ा लीडर मान लिया गया है इसीलिए उनके घर पर रोजाना भीड़ जमा होने लगी है।

### निराश होते कार्यकर्ता।

भाजपा का राजस्थान में राज आए 20 माह हो गए हैं कार्यकर्ताओं को बहुत उम्मीदें थी कि राज आने पर ऐसा कर लेंगे वैसा कर लेंगे पर सारी बातें हवाई होती दिख रही है कार्यकर्ताओं के व्यक्तिगत काम भी नहीं हो रहे हैं क्योंकि मंत्री मिलते नहीं, मिलते हैं तो कहते हैं कि उनकी चलती नहीं। अफसर भाजपा कार्यकर्ताओं को तवज्जो नहीं दे रहे हैं इसीलिए निराशा का माहौल बनता जा रहा है यदि यही हाल रहा तो पंचायत चुनाव और पालिका चुनाव में भाजपा को मुंह की खानी पड़ेगी।

........प्रदीप लोढ़ा

# प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय पर राहुल गांधी द्वारा वोट चोरी का खुलासा करते हुये प्रस्तुति देने का वीडियो प्रदर्शित



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय, जयपुर पर आज नेता विपक्ष राहुल गाँधी द्वारा वोट चोरी का खुलासा करते हुये प्रस्तुति देने का वीडियो प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस विधायक/विधायक प्रत्याशी, प्रदेश पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ता शामिल हुये। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं मीडिया प्रभारी स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने सभी जिला कांग्रेस कमेटियों को निर्देशित किया है कि राहुल गाँधी द्वारा वोट चोरी का खुलासा करते हुये जो वीडियो जारी किया गया है उसे सभी जिला कांग्रेस कमेटियों में दिनांक 11 अगस्त, 2025 को जिला मुख्यालयों पर कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के समक्ष प्रदर्शित करें।